कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 325, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 21 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## संसद में हंगामा जारी, काम ठप्प

**नई दिल्ली:** भारत-चीन सीमा विवाद मुद्दे पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के जवाब पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हम भारत के विदेश मंत्री के इस कथन से पूर्णतया सहमत हैं कि हमारे जवानों का सम्मान, सराहना और सत्कार किया जाना चाहिए, क्योंकि वे हमारे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ डटकर खड़े हैं। लेकिन क्या यह वही सम्मान की भावना थी, जिसने प्रधानमंत्री मोदी को 19 जून, 2020 की उस घटना के बाद, जिसमें हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए हमारे 20 जवानों ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया, यह कहने के लिए उत्प्रेरित किया,न वहां कोई हमारी सीमा में घुस आया है और न ही कोई घुसा हुआ है? रमेश ने कहा कि विदेश मंत्री का यह दावा है कि चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं। फिर हमने चीनी राजदूत को बुलाकर आपत्ति पत्र (डिमार्च) क्यों नहीं थमाया, जैसा हम पाकिस्तान के उच्चायुक्त के साथ करते हैं? उन्होंने कहा कि 2021-22 में 95 बिलियन डॉलर के आयात और 74 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे के साथ चीन पर हमारी व्यापार निर्भरता रिकॉर्ड उच्च स्तर पर क्यों पहुंच गई है? सितंबर 2022 में रूस के वोस्तोक-22 अभ्यास में हमारे सैनिकों ने चीनी सैनिकों के साथ सैन्य अभ्यास क्यों किया? रमेश ने कहा कि विदेश मंत्री का कहना है कि हम चीन को एलएसी की स्थिति में एकतरफा बदलाव नहीं करने देंगे, लेकिन क्या चीनी सैनिकों ने पिछले दो सालों से डेपसांग में 18 किमी अंदर आकर यथास्थिति नहीं बदली है? क्या यह स्थिति इस वास्तविकता के मद्देनजर बदल नहीं जाती है कि हमारे सैनिक पूर्वी लद्दाख में ऐसे 1,000 वर्ग किमी क्षेत्र तक गश्त करने में असमर्थ हैं, जहां वे पहले गश्त करते थे? क्या यह स्थिति इस वास्तविकता के मद्देनजर नहीं बदल जाती कि हम ऐसे बफर जोन निर्धारण पर सहमत हो गए हैं, जो हमारे गश्ती दल को उन क्षेत्रों में जाने से रोकता है, जहां वे पहले जा सकते थे? विदेश मंत्री कब स्पष्ट शब्दों में यह घोषित करेंगे कि 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली ही हमारा उद्देश्य है?



**'चीनी घुसपैठ को अवधारणा का अंतर बताकर उसे वैध ठहराना कब बंद करेंगे?'**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि विदेश मंत्री ने कहा हम चीन पर दबाव बना रहे हैं।

फिर हमारा विशुद्ध प्रतिक्रियात्मक दृष्णिकोण क्यों हैं? 2020 से पहले की यथास्थिति की पूर्ण बहाली सुनिश्चित किए बिना हम कैलाश रेंज में अपनी सामरिक रूप से लाभप्रद स्थिति से पीछे क्यों हट गए? हम अधिक आक्रामक क्यों नहीं हुए और चीनियों को पीछे हटने को मजबूर करने के लिए जवाबी कार्रवाई क्यों नहीं की, जैसा कि हमने 1986 और 2013 में किया था? हम अपना दावा पुरजोर ढंग से पेश करने की बजाए चीनी घुसपैठ को अवधारणा का अंतर बताकर उसे वैध ठहराना कब बंद करेंगे?

### 23 दिसंबर को खत्म हो सकता है संसद सत्र

**नई दिल्ली: कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा था कि आजादी के बाद इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने देश के लिए जान दी, क्या देश के लिए भाजपा नेताओं के घर से कुत्ता भी मरा है? संसद का विंटर सेशन समय से पहले खत्म हो सकता है। यह सेशन 23 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। यह फैसला बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में लिया गया, जो लोकसभा और राज्यसभा के शेड्यूल को मैनेज करती है। शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर को शुरू हुआ था, जो 29 दिसंबर तक चलना था। उधर, राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे के कुत्ते वाले बयान पर भारी हंगामा हुआ। भाजपा ने खड़गे से माफी की मांग की। उधर, खड़गे का कहना है कि उन्होंने जो कहा वह सदन के बाहर कहा था। सांसद पीयूष गोयल ने कहा कि रविवार को अलवर में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अभद्र भाषण दिया। उन्होंने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, निराधार बातें कहीं और देश के सामने झूठ पेश करने की कोशिश की। खड़गे को भाजपा, संसद और इस देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। खड़गे ने अपनी मानसिकता की झलक दिखा दी है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राजस्थान के अलवर में रविवार को कहा था- हमने देश को आजादी दिलाई और देश की एकता के लिए इंदिरा और राजीव गांधी ने अपनी जान की कुर्बानी दी। हमारे पार्टी के नेताओं ने अपनी जान दी, आपने क्या किया?

## उमेश कोल्हे मर्डर: तब्लीगी जमात ने कराई थी हत्या

**मुंबई:** महाराष्ट्र के अमरावती में कैमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या तब्लीगी जमात के कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने की थी। एनआईए की चार्जशीट में इसका खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया है कि उमेश की हत्या एक सोची समझी साजिश के तहत की गई थी। तब्लीगी आतंकियों ने उसका गला काटा था, ताकि लोगों के मन में डर पैदा किया जा सके। केस की जांच कर रही एनआईए ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि मर्डर के 11 आरोपी तब्लीगी जमात के इस्लामिक कट्टरपंथी थे।




तब्लीगी जमात एक इंटरनेशनल देवबंदी इस्लामिक मिशनरी है, जो इस्लामिक मान्यताओं का सख्ती से पालन करने पर जोर देता है।

### लश्कर के 3 आतंकियों को किया ढेर

**जम्मू/श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में शोपियां के मुंज मार्ग इलाके में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें लश्कर के तीन आतंकी मारे गए। इनके पास से एक अङ 47 राइफल और 2 पिस्तौल बरामद हुईं। मारे गए तीनों आतंकी स्थानीय थे। इनमें से दो की पहचान हुई है।

**भट्ट की पत्नी बोलीं- आज न्याय मिला:** आतंकी लतीफ लोन शोपियां का रहने वाला था, जो कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट्ट की हत्या में शामिल था और अनंतनाग का उमर नजीर नेपाल के तिल बहादुर थापा की हत्या में शामिल था।

## पनडुब्बी 'वागीर' इंडियन नेवी में शामिल



**नई दिल्ली:** प्रोजेक्ट-75 की पांचवी कलवरी क्लास पनडुब्बी यार्ड 11879 वागीर मंगलवार को इंडियन नेवी को सौंप दी गई। प्रोजेक्ट-75 के तहत स्कॉर्पीन डिजाइन की कुल छह स्वदेशी पनडुब्बियां बनाई जाना हैं। इन पनडुब्बियों का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई में किया जा रहा है। मैसर्स नेवल ग्रुप, फ्रांस इसमें सहयोग कर रहा है। दोनों कंपनियों के बीच 6 सबमरीन तैयार करने लिए 2005 में करार हुआ था। नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि पनडुब्बी से भारतीय नौसेना की ताकत में इजाफा होगा। वागीर को 12 नवंबर 2020 को लांच किया गया था। एक फरवरी 2022 से वागीर ने समुद्री ट्रायल्स शुरू किए। इसने दूसरी पनडुब्बियों के मुकाबले सबसे कम समय में हथियार और सेंसर के प्रमुख ट्रायल्स पूरे कर लिए।

**स्कॉर्पिन सबमरीन की खासियत:** स्कॉर्पिन डिजाइन की सभी सबमरीन एंटी-सरफेस वॉरफेयर, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर, खुफिया जानकारी जुटाना, माइन लगाने और एरिया सर्विलांस का काम कर सकती हैं।

**प्रोजेक्ट 75 क्या है?:** इंद्रकुमार गुजराल सरकार ने 25 पनडुब्बियां नेवी को देने का फैसला किया था। इसके लिए प्रोजेक्ट 75 बनाया गया।

इस प्रोजेक्ट के तहतपनडुब्बियों को बनाने के लिए 30 साल की योजना बनाई गई। 2005 में, भारत और फ्रांस ने छह स्कॉर्पीन डिजाइन की पनडुब्बियां बनाने के लिए 3.75 अरब डॉलर के कांट्रैक्ट पर दस्तखत किए। कलवरी क्लास की पहली सबमरीन 2017 में नेवी को मिली थी।

## उप्र: कोहरे के चलते रात 12 बजे के बाद नहीं चलेगी रोडवेज बसें

**लखनऊ।** सर्दी के मौसम और कोहरा के चलते हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर उप्र परिवहन निगम ने कड़ा फैसला लिया है। निर्णय में 12 बजे के बाद यूपी ने परिवहन बसें चलेगी। 15 जनवरी 2023 तक बस संचालन बंद रहेगा। परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार ने इस संबंध में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एआएम को निर्देश दिए है। स्पष्ट निर्देश में कहा है कि कोहरे के दृष्टिगत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि में संचालन कदापि न किया जाए। साथ ही इसको सुनिश्चित करने के लिए समस्त



क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बस स्टेशनों पर रात्रि 8:00 बजे से 12:00 बजे तक कैंप करेंगे, जिससे कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यदि संचालन के मध्य कोहरा मिलता है तो बस को निकटतम बस अड्डे व सुरक्षित स्थान पर पार्क किया जाए।

## जमात-ए-इस्लाम की 200 करोड़ की संपत्ति सील

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों को फंडिंग देने वाले प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी की 100 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी रविवार को स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसीने सील की। यह कार्रवाई गांदरबल, बांदीपोरा, कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में हुई। राज्य में आतंकी संगठनों की फंडिंग रोकने के लिए एजेंसी पिछले कुछ समय से कार्रवाई कर रही है। इसके तहत अब तक जमात-ए-इस्लामी की 200 करोड़ रुपए की संपत्ति सील की जा चुकी है। जमात ने बीते 30 साल में घाटी में अपना विशाल साम्राज्य खड़ा कर लिया है। इसमें जमीन, शॉपिंग मॉल और स्कूल समेत बड़ी संख्या में अचल संपत्ति शामिल है।



**जमात-ए-इस्लामी की 188 संपत्तियों की पहचान:** रक्अ के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने करीब 188 संपत्तियों की पहचान की है। इनकी कीमत लगभग 1000 करोड़ रुपए के है। इन सभी संपत्तियों को जल्द ही सील कर दिया जाएगा और बैंक खातों को सत्यापन के बाद फ्रीज किया जाएगा।

**घाटी में जमात के 300 स्कूलों पर भी प्रतिबंध:** जमात-ए-इस्लामी अकेले कश्मीर में 300 से अधिक स्कूल चलाता था। अब इन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। सुरक्षा अधिकारियों को आशंका थी कि यहां पढ़ रहे छात्रों को आतंकवाद या अलगाववाद में धकेला जा सकता है।

**लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर की संपत्ति भी कुर्क हुई:** कश्मीर के डोडा में अधिकारियों ने लश्कर-ए-तैयबा के फरार कमांडर अब्दुल राशिद उर्फ जहांगीर की संपत्ति कुर्क कर ली है।

## 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी राजस्थान सरकार: राहुल

**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान सरकार गरीबों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने जा रही है। यह योजना स्वागत योग्य है। केन्द्र सरकार को भी इस योजना पर अमल करना चाहिए। राहुल ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का राजस्थान की कांग्रेस सरकार का बड़ा ऐलान है। यह कीमत केंद्र सरकार की कीमतों के आधे से भी कम दाम में है। पीएम मोदी को भी महंगाई से त्रस्त जनता के बारे में सोचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री



अशोक गहलोत ने ट्वीट कर कहा था कि राज्य सरकार गरीबों को अधिकतम राहत पहुंचाने के लिए निरंतर जनकल्याणकारी फैसले ले रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार गरीब तबके को सस्ती दर पर सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए योजना लेकर आ रही है। उन्होंने कहा था कि योजना लागू होने से एक अप्रैल, 2023 से 500 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से उज्जवला योजना से जुडे, बीपीएल और गरीब लोगों को वर्ष में 12 सिलेंडर मिल सकेंगे। इससे महंगाई के इस दौर में आमजन पर आर्थिक बोझ कम हो सकेगा।

## हिमाचल में लोग मनाएंगे 'व्हाइट' क्रिसमस

### न्यू ईयर पर भी बर्फबारी होने के आसार; 5 दिन शीतलहर और कोहरे का येलो अलर्ट

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में व्हाइट क्रिसमस की आस बंध गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में 25 और 26 दिसंबर को हल्की बर्फबारी हो सकती है। न्यू ईयर पर प्रदेश के कम ऊंचे इलाकों में भी हिमपात हो सकता है। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि 25 से 28 दिसंबर के बीच लाहौल स्पीति, किन्नौर और चंबा के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात की संभावना बन रही है, जबकि 30 और 31 दिसंबर को शिमला, कुल्लू, मंडी की ऊंची चोटियों पर भी बर्फबारी हो सकती है। क्रिसमस और न्यू ईयर पर बर्फबारी की खबर से पर्यटन



कारोबारियों के चेहरे खिलने लगे हैं। इससे सैलानियों का भी बर्फ के दीदार का सपना पूरा हो सकेगा। प्रदेश में बर्फबारी से पहले ही सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है। बीते सप्ताह रिकार्ड गर्मी के बाद दो-तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि बीते 24 घंटे के दौरान 3 डिग्री तक की कमी आई हैं।

**शीतलहर का येलो अलर्ट:** मौसम विभाग ने अगले 24 दिसंबर तक प्रदेश के मैदानी व निचले इलाकों में शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही सुबह से दोपहर तक कम ऊंचे क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है। इससे विजिबिलिटी 50 मीटर तक कम होगी। ऐसे में वाहन चालकों को गाड़ी चलाते वक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**जमाव बिंदु के आसपास पहुंचा पारा:** बारिश-बर्फबारी के बगैर ही कुकुमसेरी का न्यूनतम तापमान माइनस 6.6 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। केलोंग का माइनस 5.9 डिग्री, कल्पा का माइनस 1 डिग्री न्यूनतम तापमान हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्य की तुलना में मंडी के न्यूनतम तापमान में सबसे ज्यादा 2.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

## पंजाब में कॉलेज की दीवार पर लिखे खालिस्तानी नारे

**अमृतसर:** पंजाब में एक बार फिर खालिस्तान के समर्थन में दीवारों पर नारे लिखे गए हैं। यह नारे इस बार श्री मुक्तसर साहिब में सरकारी कॉलेज की दीवारों पर लिखे गए हैं। इनमें जहां खालिस्तान जिंदाबाद लिखा गया है, वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा का विरोध करने की भी बात कही गई है।

**कॉलेज की दीवार पर लिखे:** श्री मुक्तसर साहिब के गवर्नमेंट कॉलेज की दीवारों पर खालिस्तानी समर्थकों की तरफ से रात के समय नारे लिखे गए। खालिस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ-साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में भी।

### 150 से 500 किमी तक सटीक मार कर सकती है, चीनी डोंगफेंग मिसाइल का मुकाबला करेगी

## न सीमा पर तैनात होगी प्रलय मिसाइल

**नई दिल्ली:** चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना पहली बार टैक्टिकल ऑपरेशंस के लिए प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल की तैनाती करने की तैयारी में है। यह मिसाइल 150 से 500 किलोमीटर तक अपने टारगेट को निशाना बना सकती है। भारत-चीन सीमा पर इस मिसाइल की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले हफ्ते एक हाई लेवल मीटिंग में इसे मंजूरी मिल सकती है। भारत की तीनों सेनाएं इस समय रॉकेट फोर्स बनाने के प्रयास में है। दिसंबर 2021 में लगातार दो दिन में दो बार इस मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था। तब से भारतीय सेना में इसे शामिल करने की कवायद जारी है। प्रलय चीन की डोंगफेंग मिसाइल का मुकाबला करेगी। खास बात यह है कि इससे रात को भी हमला किया जा सकता है।



**जमीन से जमीन पर सटीक मार कर सकती है प्रलय:** प्रलय जमीन से जमीन पर मार करने वाले क्वासी मिसाइल है। प्रलय मिसाइल में सॉलिड प्रोपेलेंट वाला रॉकेट मोटर लगा है। इसमें नई टेक्नोलॉजी के गाइडेंस सिस्टम में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेविगेशन एंड इंटिग्रेटेड एवियोनिक्स भी लगाया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रलय के निर्माण की बात 2015 से ही चल रही थी। DRDO ने अपने वार्षिक रिपोर्ट में इस मिसाइल का जिक्र किया था। हाल ही में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा था कि स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत रॉकेट फोर्स बनाने पर काम कर रहे थे। ताकि सीमा पर दुश्मन को काउंटर किया जा सके।

## नए स्क्रिप्ट राइटर रख लें राहुल-सोनिया: ईरानी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल और सोनिया गांधी को अपने नेताओं के लिए नए राइटर हायर करने की सलाह दी है। स्मृति ने मंगलवार को कहा कि राहुल गांधी और उनकी मम्मी सोनिया गांधी को नए स्पीच राइटर की जरूरत है। कांग्रेस नेता सोचते हैं कि ऐसी टिप्पणियां करने पर आलाकमान मैडल देगा। गांधी परिवार ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करता है। स्मृति ने यह भी कहा कि किसी महिला के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करना हमारे संस्कार नहीं हैं। ईरानी ने यह बात वढ कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही।



दरअसल, वढ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा था कि स्मृति ईरानी अमेठी में आती हैं और लटके-झटके देकर चली जाती हैं।


**अजय शर्मा ने कहा था- राहुल 2024 में अमेठी से लड़ेंगे:** कांग्रेस नेता अजय राय ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने के संकेत दिए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि 2024 में राहुल गांधी वाराणसी से ढट नरेंद्र मोदी को चैलेंज देंगे।

# सफलता प्राप्त करने का कोई शार्टकट नहीं, कड़ी मेहनत एकमात्र विकल्पः अम्बुज सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश

**जसरा/प्रयागराज।** शिक्षा व्यक्ति को सफलता एवम सम्मान के उच्च शिखर पर लें जाने का काम करती हैं।शिक्षा से विहीन व्यक्ति को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं।शिक्षा के माध्यम से ही विभिन्न पदों पर पदस्थ होने के लिए व्यक्ति को धैर्य, कड़ी मेहनत, सच्ची लगन और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने प्रयासों को जारी रखना चाहिए ऐसा करने से एक दिन सफलता रस अवश्य पीने को मिलेगा।

उक्त बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक जगत तारन महाविद्यालय के संस्कृत शोधार्थी अम्बुज सिंह पटेल ने सोमवार को जसरा क्षेत्र के मनकवार मे आयोजित एक सम्मान समारोह



मे व्यक्त किये। आगे उन्होंने यह भी कहा कि सफलता का कोई भी शार्टकट नहीं होता किसी भी क्षेत्र मे सफल होने के लिए व्यक्ति कोई कड़ी से कड़ी मेहनत करना चाहिए। गौरतलब हैं कि अभी हाल मे ही अम्बुज सिंह पटेल राजकीय इंटर कालेज मे संस्कृत प्रवक्ता के पद पर चयनित हुए हैं जिसका नियुक्ति पत्र रविवार कोई प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा सौपा गया।अम्बुज सिंह पटेल मूल रूप से कोरांव तहसील के हैं किन्तु जसरा क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे अपने ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से छात्रों मे काफी लोकप्रिय हैं। सोमवार को जसरा क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे युवाओं ने सम्मान समारोह आयोजित करके उनको सम्मानित किये। संस्कृत प्रवक्ता अम्बुज सिंह पटेल अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, इस्टमित्रों, माता- पिता, भाई बहन समेत अन्य शुभचिंतकों को मानते हैं।अपने सम्मान समारोह के दौरान उन्होंने भावुक होकर कहा कि आज उनके बाबा जीवित होते तो उन्हें अपनी सफलता पर और अधिक नाज होता क्योंकि उन्ही के मार्गदर्शन से आज वह इस मुकाम को प्राप्त करने मे सफल हुए हैं।उनके मुताबिक अभी तीन माह पूर्व ही उनके बाबा का निधन हों गया था। उक्त अवसर पर अंकिता, विजय, अनुज, अनिल कुमार पटेल, अभिषेक सिंह, सुस्मिता आदि लोग मौजूद रहें।

## नवजीवन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा निराश्रितो को कराया गया भोजन

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के आस्था वृद्ध नवजीवन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा मंगलवार को बंधवा बड़े हनुमान मंदिर पर गरीब, निराश्रित,असहाय, व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब वृद्ध निराश्रित बेसहारा आर्थिक रूप से जूझ रहे व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बी0ए0 प्रसाद जी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष अश्वनी कुमार, सचिव, अंजनी कुमार, प्रबंधक,राम भजन सागर के साथ-साथ मीडिया प्रभारी रामसेवक, राजेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार वर्मा, अमित कुमार वर्मा, जंग बहादुर, सतीश चंद जायसवाल, रामनिरंजन सागर, अमित सागर, सुशील कुमार, तरमाली, गुलाब चंद के साथ संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर मार्ग पर मंगलवार को देवनहरी गांव के सामने बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। जिनको पास के एक निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज गोरखपुर मार्ग पर थरवई थाना क्षेत्र के देवनहरी गांव के सामने बबिता पत्नी विनय कुमार 29 वर्षीया निवासी रामनाथ पट्टी अपने भाई पंकज निवासी बलरामपुर बरेठी के साथ बाइक पर सवार होकर मंगलवार को मायके जा रही थी। जैसे ही दोनों बाइक सवार होकर प्रयागराज गोरखपुर मार्ग पर पहुंचे ही थे कि प्रयागराज की तरफ से तेज रफ्तार बोलेरो चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बबिता एवं भाई पंकज गंभीर



रूप से घायल हो गए साथ में बबिता के दो बच्चे जय एवं वीरू को भी मामूली चोट खरोच आ गई। टक्कर एवं घायलों की चीख पुकार सुनकर आस-पास मौजूद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर तत्काल घायलों को 108 नंबर एंबुलेंस बुलाकर पास के ही निजी चिकित्सालय में इलाज हेतु भर्ती कराया। जबकि बोलेरो वाहन टक्कर मारते हुए चालक समेत फरार हो गई।

# ससुराल आए युवक की ट्रेन से कटकर मृत्यु, परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** जंघई प्रयागराज रेलखंड पर असवां गांव के पास एक युवक ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया है मृतक सुसराल आया हुआ था।उसकी पहचान महेश कुमार हरिजन 32 वर्ष ग्राम खरगपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।मृतक की शादी आठ वर्ष पूर्व मीरगंज थाना क्षेत्र के असवां गांव निवासी रामसहाय हरिजन की पुत्री सुलेखा देवी के साथ बड़े धूमधाम के साथ हुई थी दो दिन पूर्व युवक अपने ससुराल आया हुआ था। सोमवार को गोरखपुर से चलकर कुर्ला स्टेशन जाने वाली 15018 एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर उसने आत्महत्या कर लिया।आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है सूचना पर मौके पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# श्री भागवत कथा सुन भक्त गण भाव विभोर हो उठे



**करछना।** तहसील के अंतर्गत निरिया ग्राम सभा में फुलवरिया महादेव मंदिर के प्रांगण में चल रहा है सामूहिक रूप से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथावाचक श्री जगनारायण दास महाराज बीसवां दिन के भगवान श्री कृष्ण की लीला की कथा सुनकर सभी भक्तगण व श्रोतागण भावविभोर हो उठे ।भगवान श्री कृष्ण की कथा को सुनने के लिए क्षेत्र के लोग कथा स्थल पंडाल में पहुंचे सभी श्री कृष्ण की कथा को बहुत ही एकाग्र चित्त से सुना ।महाराज जी ने मंच से उद्घोष करके बताया कि यह श्री कृष्ण कथा बताया जा रहा है कि कल लास्ट दिन हवन और भोजन की व्यवस्था की जाएगी मुख्य कथा सुनने के लिए नत्थन प्रसाद यादव जिसमे सभी भक्तगण सादर आमंत्रित है । जो कि वहां मौजूद लोग ग्राम प्रधान अमृतलाल, छविनाथ यादव , कृष्ण मोहन यादव, शैलेंद्र कुमार ,(नेता) जटाशंकर, माधव प्रसाद जयसवाल,समाजसेवी पवन कुमार यादव, पूर्व प्रधान नेब्बू लाल कोटार्य ,भारत यादव, रामचंद्र,आदि लोग श्रोता गण मौजूद रहे

# एकजुट महिलाओं ने प्रदर्शन कर बीडीओ को दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

## आवास,सड़क,नाली, जलनिकासी और पेयजल की समस्याएं गिनाईं

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** प्रदेश और केंद्र सरकार के द्वारा आवास और शौचालय का निर्माण युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है, बावजूद इसके एक बड़ा वर्ग अभी भी इन सुविधाओं से वंचित है। मंगलवार को विकास खंड शंकरगढ़ के विभिन्न गांवों में समूह संचालित करने वाली महिलाओं ने ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर शौचालय और आवास दिए जाने की मांग उठाई।

बीडीओ को प्रेषित प्रार्थनापत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कहा, आज तक सभी को आवास और शौचालय की सुविधा नहीं मिल पाई। पूछने पर



यह भी नहीं बताया जाता कि हम सभी को उक्त सुविधाओं का लाभ मिलेगा या नहीं।विकास खंड शंकरगढ़ के लोहगरा (अहिरान का पुरवा) से आई राम महिला समूह की अध्यक्ष फूलकली, सचिव सुमन, शंकर महिला समूह की अध्यक्ष चंद्रकली ने बताया कई बार फॉर्म भरवाया गया, लेकिन आज तक आवास नहीं मिला। इसी तरह कल्याणपुर की शिवकली, अमरावती, सीता देवी, पूरेबघेल की सीमा देवी, सुषमा, ननकई, कुसुम, निर्मला, श्यामकली, संगीता, अंतिमा, चंद्रकली ने बताया कि उनके यहां आवास, शौचालय के साथ-साथ रोड और पेयजल की समस्या बरकरार है। जबकि कुबरी, भड़िवार की संगीता देवी, कांति देवी, राजकुमारी, सविता, ममता देवी, आरती, शिवकली, अतिगिरिया, लीलावती, सुषमावती आदि ने बताया कि गांव में नाली की प्रमुख समस्या है, पानी बहाते हैं तो आए दिन झगड़ा होता है। कुबरी भड़िवार की ही दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष ममता देवी, सचिव कांतिदेवी व संगीता देवी ने बताया कि गांव की तमाम समस्याएं काफी अरसे से बनी हुई हैं, शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं किया जा रहा है।

# करंट की चपेट में आए अज्ञात युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

### आशंकाः रेलवे के विद्युत पोल का चोरी से तार काटते समय हुआ हादसा, पास में मिले तार काटने के यंत्र

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव स्थित निमार्णाधीन रेलवे ट्रैक पर करंट की चपेट में आए एक अज्ञात युवक का पड़ा राहगीरों ने देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा। क्षेत्र के जमोली गांव में निमार्णाधीन रेलवे ट्रैक के विद्युत पोल के नीचे करंट से झुलसे हुए एक अज्ञात 25वर्षीय युवक का शव पड़ा मगंलवार दोपहर राहगीरों ने देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। शव के पास विद्युत तार काटने का यंत्र मिला जिससे लोगों ने आशंका



जताई कि युवक चोरी से रेलवे विद्युत पोल पर चढ़कर तार काटने का प्रयास कर रहा था कि करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया।लेकिन पहचान नहीं हो सका। युवक लाल रंग का जैकेट और नीले रंग का जींस पहन रखा था जिस पर पुलिस ने अज्ञात में शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं क्रिसमस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

अखंड भारत संदेश

**करछना।** मंगलवार को क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एण्ड कॉलेज, हथिगन में वार्षिकोत्सव एवं क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक इंजी. हर्षवर्धन बाजपेई, पूर्व विधायक राजबली जैसल थे। शिवपाल सिंह यादव ने सभी बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल के चेयरमैन विनोद बी. लाल को बधाई दी कि उनके द्वारा ग्रामीण अंचल में अंग्रेजी माध्यम का स्कूल स्थापित कर एवं गुणवत्तापक शिक्षा प्रदान कर बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज की बुराईयों को खत्म किया जा सकता है। श्री यादव ने कहा कि असफलता से विचलित नहीं होना चाहिये बल्कि सीख लेनी चाहिये जिसके बाद निश्चित सफलता मिलती है। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और देश-प्रदेश के साथ विद्यालय का नाम रौशन करने के लिये मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। शुआट्स कुलपति मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने भी सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, बच्चों व उनके अभिवकगणों को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने बाईबल वचन साक्षा करते एक-दूसरे से सद्भाव रखने, सत्य के मार्ग पर चलने एवं बुराई से दूर रहने की बात कही।




विनोद बी. लाल ने आयोजनकताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी सम्भव है जब शिक्षक एवं अभिभावक मिलकर बच्चे को शिक्षित करते हैं। प्रधानाचार्या नेहा पीताम्बर ने कहा कि किसी विद्यालय का विकास वहां के गुणवत्तापरक फेकल्टी एवं शिक्षा पर निर्भर होता है। रंगारग कार्यक्रमों में स्कूल क्वायर द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं पर नाटक का मंचन किया। कोरियोग्राफी के द्वारा भारतीय सेना की शहादत को प्रदर्शित किया। पानी

## अवैध देशी शराब के साथ पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र नैनी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी उसने थाना क्षेत्र में अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थ की तस्करी करने माफियाओ एवं कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में जनपद प्रयागराज थाना औद्योगिक क्षेत्र थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम आज क्षेत्र में अपराधियों की तलाश में लगी थी।

# देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, सात का चालान

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 20 लीटर देशी शराब बरामद हुई है। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई गंगाराम सोनकर ने कपारी तिराहा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास 20



लीटर कच्ची शराब पाई गई थी। वह सप्लाई करने जा रहा था। गिरफ्त में आया शराब तस्कर अनिकेतनाथ पुत्र स्वरूपनाथ क्षेत्र के सपेरा बस्ती, कपारी का निवासी है। सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी का चालान भेज दिया गया है। दूसरी तरफ शंकरगढ़ पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में सात लोगों का चालान किया है। सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह और प्रदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ लल्ली केसरवानी पुत्र फूलचंद्र केसरवानी (निवासी धर्मनगर, पटहट रोड), प्रद्युम्न कुचबधिया पुत्र स्व. कृष्मलाल, संतोष कुमार कुचबधिया पुत्र स्व. मुन्नीलाल, रावेंद्र कुचबधिया पुत्र स्व. कृष्णलाल और राजकुमार कुचबधिया पुत्र स्व. कृष्णलाल (निवासीगण धर्मनगर, कुचबधियान टोला) का चालान किया गया है।इसी क्रम में संजय धइकार पुत्र पप्पीलाल (निवासी वार्ड संख्या दो, रावण टोला कस्बा और हरिओम चौधरी उर्फ सुड्डू पुत्र अमरनाथ चौधरी (निवासी अभयपुर, शंकरगढ़) का शांतिभंग की आशंका में चालान भेजा गया है।

# नाली, सड़क और हैडपंप की भी समस्या

अखंड भारत संदेश

**बसहरा।** उपहार की सरोज कुमारी, पुनीता देवी, नीलम सिंह ने बताया कि कोटेदार द्वारा गल्ला कम दिया जा रहा है। गांव में आवास, शौचालय, नाली की प्रमुख समस्या है। इसी क्रम में चुंदवा के शिवगुरु समूह की मालती, कंचन, ज्ञानकली, आशा देवी, चंपकलता ने बताया कि गांव में सड़क, नाली की समस्या के साथ उनको आवास नहीं मिला है।पूरे गंगाक्ष के जय मां काली समूह की अध्यक्ष सविता, कोषाध्यक्ष संगीता, सचिव कलावती के साथ कमला, राजकली शिव महिला समूह की सचिव अंतिमा ने बताया कि गांव में नाली, सड़क, हैंडपंप की समस्या के साथ आवास के साथ बिजली के खंभे ना होने से बिजली नहीं मिल पा रही है।

### स्वयं सहायता समूहों की भी हालत खस्ता

इसी तरह मलापुर, अमिलहाई की गौरी महिला संस्था की विशाखा यादव ने बताया कि कई लोगों के नाम कॉलोनी आई है, लेकिन उनको मिल नहीं पा रही है। जबकि बढ़ैया गांव के दुर्गा समूह की शीला देवी, जियनी देवी ने नाली, सड़क, आवास की समस्या बरकरार है। समूह की महिलाओं का कहना है कि गांवों में कई समूह बना तो दिए गए हैं, लेकिन महिलाओं को कुछ नहीं मिला है, जो भी इसके बीएम बनाए गए हैं, वह भी कभी देखने नहीं जाते।

# नैनी के यूथ टीम जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), प्रयागराज में अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश जी आई.पी.एस. के सम्मान मे सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडलायुक्त समिति उपाध्यक्ष डी.सी.पी.सी., आर.एस. वर्मा जी ने किया। सम्मान समारोह में प्रेम प्रकाश को समिति के पदाधिकारियों सदस्यो द्वारा पुष्प गुच्छ,अंगवस्त्रम,स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक तिवारी एवं पंकज जायसवाल चेयरपर्सन आर्यकन्या पी. जी. कॉलेज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता किये एवम अपने उदबोधन में समिति की सराहना करते हुए कहा कि मेरी जहाँ भी आवश्यकता होगी वहीं तन-मन-धन से तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में अखिलेश श्रीवास्तव,अमर वैश्य ₹ मुन्ना भइया₹, यातायात निरीक्षक पवन कुमार पांडेय, प्रियंका दुबे ,जय प्रकाश साइबर सेल ने प्रतिभाग किया।साइबर सेल के द्वारा साइबर अपराध से बचाव हेतु जनाकारी दी महानिदेशक ने अपने उदबोधन में समिति द्वारा प्रदेश भर में किये जाने वाले कार्यों की सराहना करते हुए अपने जोन के जनपदों के अधिनस्थ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को समिति को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में यातायात माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले का विधिवत संचालन बहुत ही सरल एवं सुदृढ़ रूप से समिति एवं अतिथियों के सम्मान में बहुत ही सहजता के साथ संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी वरिष्ठ प्रवक्ता,सचिव शिक्षा प्रकोष्ठ डी.सी.पी सी. ने किया।

वही नैनी के जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश आईपीएस के द्वारा जिला अपराध निरोधक समिति के अधिकारीगण एवं पदाधिकारी और यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा और उनके सदस्यों का अपने हाथों से सम्मानित किया वही मनीष विश्वकर्मा ने हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया।

# जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मार पीट पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा में जमीनी विवाद को लेकर पडोसियों ने विपक्षी की दीवार को गिरा कर जमीन पर कब्जा करने लगे। विरोध पर घर में घुस कर मारे पीटे। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के ग्राम चकशाह बेग उर्फ रामपुर डांडी निवासी अशरफ अली पुत्र शमसुद्दीन का आरोप है कि उसके पडोसी उसकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उसकी दीवार गिरा दिए और जमीन पर कब्जा करने लगे विरोध पर घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। अशरफ अली ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर इकबाल अहमद ,मोहम्मद शाहिल उर्फ किस्मत अली ,अब्दुल हसीफ ,मोहम्मद रिजवान ,मोहम्मद शहबान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# विद्यालय में शिक्षक का समय से न आने पर की गयी शिकायत

अखंड भारत संदेश

**मऊ आइमा।** विद्यालय में शिक्षक का समय से न आने पर ग्राम प्रधान ने शिक्षक के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र दिया है। परन्तु शिक्षक पर कोई असर नहीं पड रहा है।ग्राम प्रधान अब इसकी शिकायत आला अधिकारियों से करें गें। मऊ आइमा के ग्राम रतनसेनपुर(हरिसेनगंज) स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवीण शुक्ला प्रधानाध्यापक है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि प्रधानाध्यापक आए दिन विद्यालय में समय से उपस्थित नहीं होते हैं । विरोध करने पर घर में समस्या का हवाला देते रहे हैं। जिसकी लिखित शिकायत ग्राम प्रधान प्रमिला ने खंड शिक्षा अधिकारी से की।

# बचाओ, प्रकृति बचाओं पर नृत्य की प्रस्तुति दी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज की ओर से कियारा गेस्ट हाउस में संस्था का पांचवां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया , वार्षिकोत्सव के मौके पर सम्मान समारोह हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईजी रेंज प्रयागराज कवीन्द्र प्रताप सिंह , प्रोफेसर वी.पी.सिह, गंगा विचार मंच की प्रांत संयोजिका अनामिका चौधरी, प्रसिद्ध कथावाचक अभिषेक किंकर जी महाराज , हाईकोर्ट की डिप्टी रजिस्टार ममता द्विवेदी, राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रम्ह वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी, विश्व हिन्दू महासंघ के जिला मंत्री आशुतोष त्रिपाठी,संस्था अध्यक्ष संतोष तिवारी को संस्थान के पदाधिकारियों ने शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस दौरान मुख्य अतिथियों ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे, गंगा स्वच्छता अभियान के स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकताओं, पत्रकारों, पुलिस मित्र रक्तदानियों एवं महिला समाजसेवियों को सामाजिक कार्यों के लिए शील्ड एवं अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंधक/सचिव कुंवर जी तिवारी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ऐसे लोगों को सम्मानित करना है , जो समाज हित में गरीबों एवं असहाय लोगों की मदद करते हैं और जो लोगो के प्राण बचाने का सराहनीय कार्य अपने रक्त से रक्तदान करके करते हैं। कार्यक्रम में गायक आशीष शर्मा के भजन,हनुमान जी एवं राधाकृष्ण जी की झांकियां मनमोहक रही। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध कथावाचक अभिषेक किंकर जी महाराज ने दिया। मंच संचालन संस्था के प्रबंधक/सचिव कुंवरजी तिवारी एवं मुख्य सलाहकार अवधेश निषाद ने किया।

# कृषक गोष्ठी में किसानों ने सीखा नैनो यूरिया तरल के उपयोग का तरीका

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के बाबूगंज गांव में मंगलवार को इफको कारडेट द्वारा समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में इफको के कनिष्ठ क्षेत्र प्रतिनिधि सुमित तेवतिया ने उपस्थित कृषकों को रबी की फसलों में इफको नैनो यूरिया तरल का उपयोग करने के तरीके को विस्तृत रूप में बताया। नैनो तरल यूरिया से किसान कैसे कम लागत में अच्छी खेती कर सकता है इस पर किसानों को सम्बोधित करते हुए कारडेट के मुकेश तिवारी ने बताया कि टिकाऊ खेती के लिए किसान को खेतों में जैव उर्वरक का भी समय समय पर इस्तेमाल करना चाहिए।

# देश के युवा हमारी शक्ति है : राज्यपाल

## विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह उनकी शैक्षणिक यात्रा का महत्वपूर्ण अंग होता है।

## दीक्षांत समारोह में कुल 142 छात्र-छात्राओं को पदक तथा 1,19,377 छात्र-छात्राओं को दी गयी उपाधि

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राज्यपाल, उ0प्र0 श्रीमती आनंदीबेन पटेल मंगलवार को प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। राज्यपाल महोदया ने दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। दीक्षांत समारोह में कुल 142 छात्र-छात्राओं को पदक तथा 1,19,377 छात्रों को उपाधि दी गयी।

राज्यपाल ने राज्य विश्वविद्यालय कैम्पस को ग्रीन कैम्पस में बदलने की कड़ी में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए निःशुल्क साईकिल की सुविधा का शुभारम्भ भी किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती सरायबहार सोरांव ब्लाक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरायबहार के बच्चों को बैग व फल का वितरण किया।इस अवसर पर राज्यपाल महोदया ने कहा कि प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में उपस्थित डॉ0 कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन पूर्व चेयरमैन इसरों सहित सभी महानुभावों का स्वागत व अभिनन्दन करती हूँ। उन्होंने राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) जिनके नाम से यह विश्वविद्यालय स्थापित है, को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज सुधारक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह का प्रयागराज की धरती से अतिशय लगाव था। उनका शैक्षिक क्षेत्र में अप्रतिम योगदान रहा है। राज्यपाल ने कहा कि इसरों के पूर्व चेयरमैन डॉ0 कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन का विश्व स्तर पर देश को अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। राज्यपाल महोदया ने कहा कि आज जिन छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल मिला है, उनको बधाई देती हूँ, और जिन को नहीं मिला है उनको भी बधाई देती हूं, क्योंकि परिश्रम तो सभी विद्यार्थियों ने किया है, अंतर मात्र कुछ अंको का होता है, और वही मेडल मिलना तथा न मिलना निर्धारित करता हैं। राज्यपाल महोदया ने कहा कि आज के इस विशेष दिवस पर यहां से जीवन में कुछ सर्वोत्तम करने का दृढ़ संकल्प करके जाइए। उन्होंने आज उपाधि प्राप्त सभी छात्र-छात्राओं को हृदय से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समारोह उन विद्यार्थियों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, जिन्हें आज उपाधि मिली है, यह दिन नए भारत के निर्माण में अग्रसर हो रही छात्र शक्ति के लिए भी महत्वपूर्ण है। एक समय




ऐसा भी था जब हर जगह बिजली उपलब्ध नहीं थी। तमाम अव्यवस्थाओं के बीच भी पढ़ने वाले बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़े है और देश का नाम रोशन किए है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे अंदर पढ़ने की ललक होगी, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है।

राज्यपाल महोदया ने कहा कि देश जब अपना 100वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा होगा, तब देश को आप कहां पर ले जाना चाहते है, यह आप जैसे युवाओं को तय करना है। आप के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। आपलोगो को आगे आकर देश के लिए कुछ करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें पानी, नदियों, तालाबों, वृक्षों को बचाये रखने के लिए आगे आना होगा तथा लोगो को जागरूक करना होगा कि वे पर्यावरण की महत्वता को समझे। राज्यपाल महोदया ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक सरोकार हेतु भी उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गांवों में कराये गये खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक भी दिया। उन्होंने कहा कि यह भी अति प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भी पदक प्राप्त किया है। विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह उनकी शैक्षणिक यात्रा का महत्वपूर्ण अंग होता है। यह अवसर उनकी मेहनत एवं उपलब्धियों का प्रतीक है। यहाँ से जीवन की एक यात्रा का आरम्भ होता है जब विद्यार्थी इस अर्जित शिक्षा का उपयोग कर जनमानस की सेवा करता है। इस पथ पर आपसे कुछ अपेक्षाएं एवं आशायें जुड़ जाती हैं। मैं उम्मीद करती हूँ कि सभी विद्यार्थी इस चुनौतीपूर्ण यात्रा में इस विश्वविद्यालय से प्राप्त अनुभवों का प्रयोग कर सफल होंगे, और निरन्तर प्रगति करते हुए अपने परिवार के साथ-साथ राष्ट्र व समाज के उत्थान में भी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

देश के युवा हमारी शक्ति है। आज हम परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। हमारा देश आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक ऊंची छलांग लगाने के लिये तत्पर है। ऐसे में हमारे युवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों हेतु तैयार करने में विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमें इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये श्रेष्ठ शिक्षा पद्धतियों को अपनाकर छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना होगा। शिक्षा-दीक्षा का उद्देश्य केवल उपाधि प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। उसके ध्येय दूरगामी होते हैं और होने भी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज आप एक नई यात्रा की शुरूआत की दहलीज पर हैं। आप में से कुछ लोग उच्च अध्ययन की दिशा में आगे बढेंगे तो कुछ लोग रोजगार व स्वरोजगार का दायित्व ग्रहण करेंगे। लेकिन एक बात हमेशा याद रखें कि आपके सद्कार्य ही आपके व्यक्तित्व का प्रतिबिम्ब बनते हैं। आप अपने उस परिवार, समाज, देश और प्रदेश का ऋण चुकाने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहें, जो अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण चरण में आपके साथ खड़े रहें। मुझे विश्वास है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

इस अवसर पर राज्य शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि दीक्षांत समारोह के अवसर पर मैं समस्त पदक एवं उपाधि प्राप्त कर्ताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन का यह क्षण बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। कहा कि इस अवसर पर मैं विद्यार्थिंयों को यह संदेश देना चाहती हू कि आपलोग अपने जीवन में जो भी लक्ष्य निर्धारित करें, उसे प्राप्त करने के लिए सच्ची लगन और परिश्रम के साथ-साथ नैतिकता, ईमानदारी, दया और सबसे महत्वपूर्ण परोपकार जैसे गुणों का विकास करना होगा, तभी यह संभव है और सच मानिए ये ऐसे गुण है जो मनुष्य को बुलंदियों के अंतिम छोर तक पहुंचा सकते है। उन्होंने कहा कि मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं संस्कृति के नए मानक एवं प्रतिमान गढ़ेगा। एक सशक्त, समर्थ एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना अप्रतिम योगदान देगा। विश्वगुरू के उस महान गौरवशाली परंपरा के संवाहक बनने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। इस अवसर पर इसरों के पूर्व चेयरमैन डॉ0 कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## मंडलायुक्त ने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित सुविधा पर्ची अनुभाग का निरीक्षण किया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला में भूमि आवंटन के पश्चात विभिन्न संस्थाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेने तथा इन सुविधाओं को देने के दृष्टिगत प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया को और बेहतर ढंग से समझने के दृष्टिगत मंडलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने मेला अधिकारी श्री अरविंद कुमार चौहान एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ आज प्राधिकरण कार्यालय स्थित सुविधा पर्ची अनुभाग का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने माघ मेले में पंजीकृत कोडेड संस्थाओं को किस तरह सुविधाएं दी जा रही हैं तथा अपंजीकृत नॉन कोटेड संस्थाओं का वर्क आर्डर किस तरह जारी किया जा रहा है इससे संबंधित जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप माघ मेले में आने वाली सभी संस्थाओं एवं श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं समय से प्रदान की जाएं। उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय में फाइल के रखरखाव एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए।

## टौंस परिक्रमा में भाजपा नेता योगेश शुक्ल के साथ शामिल हो रहे काफी संख्या में ग्रामवासी

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मंगलवार को यात्रा के दसवें दिन पोतनीहा गांव से मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रदीप पांडेय ने यात्रा को ,पोतहानिया, ताला , हथसरा, मदरा, झिरी लक्षीपुर , वीरपुर होते हुए महेवा पहुंची जहा पर प्रधान शिव राम निषाद और भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने यात्रा का आगवानी करते हुए आरती स्थल पर ले गए। भाजपा नेता योगेश शुक्ल की टौंस परिक्रमा यात्रा का कल सुबह प्रातः 8 बजे यात्रा प्रारंभ होकर 11 बजे सुबह कटका, मेडरा, देहली भागेसर होते हुए पनासा पहुंचेगी, जहा पर वैदिक मंत्रोचार और गंगा और टौंस मां की पूजा अर्चना करने के बाद यात्रा का समापन होगा।

## ...राज्यपाल ने ग्राम प्रधान को प्रशस्ति पत्र से नवाजा

### स्कूल के बच्चों संग प्रधानाध्यापिका को भी दिया पुरस्कार

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक के सराय बृसिंह उर्फ सराय बाहर के ग्राम प्रधान मनोरमा देवी मौर्य को उत्तर प्रदेश राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए। जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में बनी हुई है।

गौरतलब है कि मंगलवार को इलाहाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया विश्वविद्यालय में पांचवें दीक्षांत समारोह में भाग लेने आई उत्तर प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सराय बाहर के विकास कार्यों से खुश होकर ग्राम प्रधान मनोरमा देवी संग




प्रधान पति राम गणेश मौर्य को सम्मानित किए।

इतना ही नहीं बाहर सराय गांव में सोरांव ब्लॉक के 48 ग्राम पंचायतों में सबसे ज्यादा विकास कार्य हुआ है। तथा वैसिनेशन में लगभग 98 प्रतिशत की बाजी मारी है।जिसकी एक मिसाल बनी हुई है। जिसमें अमृत सरोवर के चारों तरफ बच्चों,बुजुर्गों,महिलाओं आदि लोगों के व्यायाम के लिए उपकरण लगाए गए हैं। इतना ही नहीं महाबली परिसर के चारों तरफ लगभग सैकड़ों की संख्या में वृक्षारोपण भी हुआ है तथा सबसे काबिले तारीफ तो यह है कि पौधों को लगाने वालों का बोर्ड भी लगाया गया है। जो क्षेत्र में एक अच्छा संदेश देता है। इतना ही नहीं बाहर सराय गांव में स्थित हरिजन बस्ती प्राथमिक विद्यालय के बच्चो संग शिक्षा देने वाले प्रधानाध्यापिका स्नेह लता संग डोला बनर्जी को भी सम्मानित किए। इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोरमा देवी, ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद नाइफ, प्रधानाध्यापिका डोला बनर्जी संग प्रधानाध्यापिका स्नेहलता आदि लोग मौजूद रहीं।

## नाटक बेटी की बेटी रिया मौर्या को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनय का पुरस्कार

### रंग सम्मान से सम्मानित हुये आईपी रामबृज और रिया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रंगग्राम जन सांस्कृतिक मंच भागलपुर द्वारा भागलपुर कला केन्द्र भागलपुर में आयोजित तीन दिवसीय भागलपुर रंग महोत्सव-2022 के समापन के अवसर पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज द्वारा निर्देशित प्रबुद्ध फाउंडेशन की नाट्य प्रस्तुति ₹बेटी₹ का मंचन भागलपुर कला केन्द्र के प्रेक्षागृह में किया गया। नाटक बेटी में अजन्मी बेटी किरदार कर रही राजापुर निवासी रिया मौर्या द्वारा मां की कोख से पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था और पुरुषों की बेटी के प्रति नकारात्मक सोच पर चोट करता कथोपकथन कि आज तो बेटी को बचाएंगे, कल गंदी सोच




के लोग दामिनी की तरह उसको भी नोच खाएंगे। वहां से बच गए तो दहेज के नाम पर जिंदा जलायेंगे। अगर कोख से बुढ़ापा तक रोना ही था तो क्यों आए हम यहां? यहां सबको मां चाहिए, बहन चाहिए, बीवी चाहिए मगर बेटी किसी को नहीं चाहिए। ओस की बूंद होती है बेटियां मां-बाप को दर्द हो तो रोती है बेटियां। बेटा सिर्फ एक कुल, दो-दो कुलों को रोशन करती है बेटियां। लेकिन किसी को नहीं चाहिए बेटियां। क्यों? क्यों नहीं चाहिए बेटियां ? आखिर हमारा कुसूर क्या है ? आखिर हमारा कुसूर ही क्या है ? आखिर हमारा कुसूर ही क्या है ? पर एक ओर जहां दर्शकों ने खूब तालियां बजाई तो वहीं दूसरी ओर रिया मौर्या का बेटी किरदार का कथोपकथन प्रत्येक दर्शकों के आंख से आंसू निकालते हुये उनकी बेटी के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने पर मजबूर किया तो वहीं दूसरी ओर प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंगनिर्देशक आईपी रामबृज और ट्रांसपोर्ट नगर निवासी रिया को रंगमंच के क्षेत्र में पन्द्रह वर्षो से किये जा रहे उल्लेखनीय योगदान एवं विशिष्ट उपब्धियों के लिये जवाहर मण्डल स्मृति सम्मान - 2022 के अन्तर्गत रंग सम्मान से सम्मानित किया गया।

## राज्यपाल के काफिले में चल रहा वाहन पलटा

**प्रयागराज।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के काफिले में शामिल गाड़ी सब्जी मंडी तिराहे के पास पलट गई। कोई हताहत नहीं। सभी सुरक्षित हैं। राज्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से लौटते समय मिजार्पुर राज मार्केट सब्जी मंडी तिराहे के पास काफिले में मौजूद गाड़ी अचानक पलट गई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों वा साथ चल रही गाड़ियों में मौजूद लोगों में तत्काल गाड़ी को सीधा किया। काफिला एक मिनट रुकने के बाद आगे बढ़ गया। जो गाड़ी पलटी थी उस पर एडीएम मजिस्ट्रेट लिखा था। इसमे से निकलकर एक अधिकारी दूसरे वाहन में बैठकर रवाना हो गए।बताया जा रहा है कि काफिले के बीच में अचानक एक स्कूटी सवार आ गया। जिसके चलते ड्राइवर ने पावर ब्रेक मार दिया। गाड़ी पलट गई। उसके चारों पहिए ऊपर हो गए। आनन-फानन में लोगों ने वाहन में बैठे अधिकारी को बाहर निकाल कर दूसरे वाहन में बैठाकर रवाना किया। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और वाहन को सीधा किया।

## छात्रनेता विवेकानंद पाठक सहित आठ के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने सोमवार को हुए बवाल के मामले में विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी प्रभाकर सिंह की ओर से छात्र नेता विवेकानंद पाठक सहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कर्नलगंज थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में सुरक्षाकर्मी प्रभाकर सिंह ने आरोप लगाया है कि वह सोमवार को विश्वविद्यालय यूनियन हाल पर ड्यूटी पर थे। इस दौरान विवेकानंद पाठक कुछ छात्रों के साथ पहुंचे और अंदर जाने का प्रयास करने लगे।उन्होंने यूनियन हाल का मुख्य गेट खोलने के लिए दबाव डाला। उनसे कहा गया कि मुख्य गेट खोलने का आदेश विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से नहीं दिया गया है। आप छोटे गेट से अंदर जा सकते हैं। इसके बाद पाठक आक्रोशित हो गए और गाली गलौज करने के साथ मारपीट करने लगे। उनके बुलाने पर कई और छात्र नेता मौके पर पहुंच गए



और सुरक्षाकर्मियों पर पथराव करने लगे। छात्रों ने परिसर में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। विश्वविद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। कार्यालय के कांच और गमले तोड़ दिए गए। वाहनों में आग लगा दी गई। कैंटीन को जला दिया गया।

बता दें कि इसके पहले सोमवार की देर रात छात्र नेता विवेकानंद पाठक ने विश्वविद्यालय के 44 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। आज विवि प्रशासन की ओर से क्रास केस दर्ज कराया गया है। विश्वविद्यालय में तनाव की स्थिति बनी हुई है। कैंपस को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। छात्र नेताओं के बवाल की आशंका के मद्देनजर अतिरिक्त फोर्स बुला ली गई है।जिन छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है उनमें विवेकानंद पाठक, अजय सम्राट, राहुल पटेल, अभिषेक यादव, नवनीत सिंह, हरेंद्र यादव, आयुष प्रियदर्शी, सत्यम कुशवाहा का नाम शामिल है।

## करंट की चपेट में आने से वेल्डिंग मिस्त्री की मौत

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के नसीरापुर गांव वेल्डिंग मिस्त्री की करंट की जद में आने से मौत हो गई। वेल्डिंग मिस्त्री की मौत से उसके घर में कोहराम मचा है। परिजन मुवाबजे की मांग करते हुए पुलिस को शव पीएम के लिए नही ले जाने दिए। देर रात तक पंचायत चल रही थी।

नसीरापुर गांव निवासी मो. गुलाब खाँ 40 पुत्र अहमद खाँ की मंगलवार की सुबह विल्डिंग करते समय करेंट की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से झुलस गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में गुलाब की मौत हो गई।

बताया जाता है कि मो. गुलाब गांव में ही एक वेल्डिंग की दुकान में काम करता था। वह मंगलवार कि दोपहर भागीपुर में एक मकान में रेलिंग लगाने का काम कर रहा था इसी दौरान वह करेंट की चपेट में आगया। परिवार वालों का कहना है कि हादसे के बाद जिनके यहां काम लगाया था वो बगैर सूचना दिये पहले उसे एसआरएन ले गए वहां से गाडी.पर ही डेडबॉडी छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुची पुलिस शव को उठाने लगी तो परिजन मुवाबजे की मांग करते हुए शव नही उठाने दिया। दोनों पक्षों के बीच मुवाबजे को लेकर बातचीत चल रही थी।

## नैसर्गिक प्रतिभा की अभिव्यक्ति के जो भी अवसर मिले हमें उसका सदुपयोग करना चाहिए- प्रोफेसर राजीव मालवीय

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में युवा महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया।

स्नातक की छात्रा दीक्षा यादव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ हुआ। प्रथम चक्र में रंगोली पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर



पर प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी नैसर्गिक प्रतिभा की अभिव्यक्ति के जो भी अवसर मिले हमें उसका सदुपयोग करना चाहिए। गीत, गजल, भजन, कविता आदि के माध्यम से छात्र छात्राओं ने अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया कार्यक्रम का संयोजन डॉ रवि कुमार मिश्र ने किया। डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ विनोद कुमार पांडेय, डॉ ममता यादव, डॉ आयुषी मौर्या की सक्रिय सहभागिता से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। महाविद्यालय में युवा महोत्सव की तैयारी प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय की अध्यक्षता में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सदस्यों की बैठक मे प्राचार्य ने युवा महोत्सव में महाविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए कई समितियों का गठन किया था। ये समिति युवा महोत्सव के विभिन्न प्रतिस्पधाओं जिसमें म्यूजिकल इवेंट, नृत्य, फाइन आर्ट, क्विज आदि के लिए छात्र छात्राओं की तैयारी कराई जिसके फलस्वरूप मंगलवार को युवा महोत्सव में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक होकर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बेसहारों के लिये नगर पालिका ने संचालित किये तीन रैन बसेरा

## दो स्थायी और एक सचल रैन बसेरा है संचालित, तीनों रैन बसेरों पर जलता है रोज अलाव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इस भीषण ठंड में बेसहारा लोगों को आश्रय देने के लिये नगर पालिका ने शहर में तीन रैन बसेरा व आश्रय स्थल की शुरूआत किया है जहां रहने की निषुल्क अच्छी व्यवस्था तथा रैन बसेरा के बगल अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

शहर में अचलपुर में तो गत वर्ष 100 बेड का स्थायी आश्रय स्थल संचालित किया गया है जहां रजाई, गद्दा, पानी व भोजन की व्यवस्था की निःषुल्क व्यवस्था है। इस वर्ष हादीहाल में 20 बेड लगाकर नया रैन बसेरा शुरू किया गया है। हादीहाल में पुरुषों व महिलाओं के लिये अलग-अलग बेड की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका के सूत्रों का कहना है कि यदि निराश्रितों की संख्या बढेगी तो हादीहाल में 50 बेड की व्यवस्था की जा सकती है। इसके अलावा एक सचल रैन बसेरा रोडवेज बस स्टेषन के पास संचालित किया गया है। इसमें छह बिस्तर लगे हुए हैं। यहां पर भी रजाई, तकिया तथा पानी की व्यवस्था है। इन तीनों रैन बसेरों पर ठंड बढ़ने के साथ ही अलाव जलाने की व्यवस्था कर दी गई है जहां रोज अलावा जलता है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अचलपुर आश्रय स्थल पर केयरटेकर हमेषा रहता है। हादीहाल व रोडवेज बस स्टेषन के रैन बसेरों में नगर पालिका के कर्मचारी हमेषा रहते हैं। इन रैन बसेरों की जिम्मेदारी अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह ने नगर पालिका के वरिष्ठ कर्मचारी मिथिलेष सिंह को दी है। इन रैन बसेरों की प्रगति रिपोर्ट रोज जिलाधिकारी व शासन को भेजी जाती है। तीनों रैन बसेरों की नियमित मानीटरिंग नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह करते हैं। नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह द्वारा शहर की जनता से अपील की गई है कि कोई भी ठंड में बाहर न सोये और नगर पालिका द्वारा निर्मित रैन बसेरे का उपयोग कर ठंड से बचाव करें।



निराश्रितों के लिये हादीहाल में बना रैन बसेरा।

# भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर पाकिस्तानी विदेश मंत्री पर दाखिल हुआ परिवाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भारतीय पीएम तथा भारत के खिलाफ पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुटटो व पाक सरकार की मंत्री शाजिया मर्री के आपत्तिजनक बयानबाजी को लेकर मंगलवार को लालगंज सिविल न्यायालय मे परिवाद दाखिल किया गया है।

ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कोर्ट मे दाखिल की गयी अपनी याचिका मे कहा है कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुटटो के द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ घोर आपत्तिजनक अपमानजनक टिप्पणी से भारत के लोगों मे आक्रोश उत्पन्न हो गया है। वहीं पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री के द्वारा भारत को परमाणु हमले की चेतावनी भी जेनेवा समझौते के अन्तर्राष्ट्रीय कानून का पाकिस्तान द्वारा सरासर किया गया उल्लंघन है। याचिका मे ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कोर्ट से पाकिस्तान के विदेश मंत्री विलावल भुटटो तथा पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री के खिलाफ भारतीय कानून के मुताबिक राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाए जाने की मांग की है। याचिका की सुनवाई करते हुए सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने लालगंज कोतवाली से प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई का विवरण तलब करते हुए आगामी पांच जनवरी को परिवाद की पोषणीयता पर सुनवाई का न्यायिक आदेश पारित किया है।

### कोर्ट पांच जनवरी को पोषणीयता पर करेगी सुनवाई

# श्री राधा कृष्ण मंदिर तथा धर्मशाला का नींव खोदकर किया गया शुभारंभ

## संस्था के तत्वावधान में किया गया भूमि पूजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर एक संस्था के तत्वावधान में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन करके श्री राधा कृष्ण मंदिर तथा धर्मशाला का शुभारंभ किया गया जहां पर संस्था के सभी पदाधिकारियों के साथ साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

सामाजिक सेवा की भावना तथा समाज के गरीब वर्ग के उत्थान के लिए सजग रहने वाली संस्था क्षेत्र में गरीब और वंचित तबकों के लिए मदद का कार्य करती है वही सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में भी यह संस्था कार्य कर रही है। सोमवार को बेलसंडी में संस्था के विनय सोनू यादव तथा महेश कुमार के सफल नेतृत्व में मंदिर के निर्माण की नींव रखी गई। संरक्षक रामचरण यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया और लोगों से सहयोग करने की अपील किया। संस्था के कार्यकर्ता विनय सोनू ने कहा कि सामाजिक सहयोग और सद्भावना से कार्य करना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है। अध्यक्ष हरि भजन यादव ने कहा कि सामाजिक रूप से पिछड़े और दबे कुचले लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, राज बहादुर पाल, प्रचार मंत्री ओमप्रकाश मौर्य, सचिव डॉक्टर संत लाल यादव, अतुल, रोहित, सौरभ, रवि, अवधेश यादव, ओमप्रकाश यादव, राम लखन यादव रामकेवल यादव लाल बहादुर यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।



नींव खोदकर भूमि पूजन करते संस्था के पदाधिकारी।

### दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाएं लाभ

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर स्वीकार किये जा रहे है। आवेदन पत्र साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र, जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होने बताया है कि इस योजनान्तर्गत दिव्यांग सम्पत्ति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार 15000 रुपए एवं महिला के दिव्यांग होने पर 20000 रुपए तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दिव्यांग है तो 35000 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। इच्छुक पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, सक्षम स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्न सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या-25 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

# कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग, स्टाफ ने बुझाई

## प्रतापगढ़ स्टेशन पर धुंआ निकलता देख स्टाफ में मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोयले से लदी मालगाड़ी के वैगन में आग लगने से हड़कंप मच गया। सफाई कर्मचारियों ने किसी तरह से आनन फानन में पानी डाल कर आग बुझाई। इससे समय रहते एक बड़ी दुर्घटना टल गई। बनारस से आने वाली लांग-हॉल मालगाड़ी में कोयला लोड था। वह प्रतापगढ़ स्टेशन पर आकर खड़ी हुई। इसी बीच उसके एक वैगन के गेट से धुआं निकलता दिखाई दिया। जानकारी होने पर स्टेशन अधीक्षक शमीम ने सफाई सुपरवाइजर भरत यादव को इसकी सूचना दी। भरत यादव कर्मचारियों को लेकर भागते हुए पहुंचे। पानी फेंककर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। वैगन की ऊंचाई जमीन से अधिक थी। इससे पानी सीधे वैगन के अन्दर नहीं जा पा रहा था। आनन फानन में सीढ़ी लगाई गई। वाटर मशीन मंगाई गई। तब जाकर आग बुझी। इस चक्कर में मालगाड़ी काफी देर तक खड़ी रही। एसएस ने बताया कि कोयला लोड मालगाड़ी के वैगन से धुआं निकल रहा था। अन्दर कहीं न कहीं आग रही होगी। फिलहाल पानी से उसे काबू में कर लिया गया है। कंट्रोल को इसकी सूचना दी गई है। सूत्रों के अनुसार रास्ते में पिरथीगंज स्टेशन के स्टाफ ने धुआं निकलता देखा था।

### बनारस से लखनऊ रूट पर जा रही थी मालगाड़ी



मालगाड़ी के वैगन में लगी आग को बाद दरवाजा खोलता कर्मचारी।

### लूट के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कोहड़ौर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सराय रजई से अमारी को जाने वाली सड़क पर 20 नवम्बर 2022 की शाम मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात अभियुक्तों द्वारा एक व्यक्ति नि0 सराय रजई थाना कोहंडौर, प्रतापगढ़ की मोबाईल रीयलमी फोन छीन ली गयी थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना कोहंडौर पर मु0अ0सं0-256/2022 धारा का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कोहडौर के उ0नि0 संदीप कुमार सिंह मय हमराह द्वारा उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना पर ग्राम अतरसण्ड नहर पुलिया राय चैराहा के पास से एक अभियुक्त पप्पु वर्मा पुत्र ब्रम्ह जीत वर्मा नि0 ग्राम ठकठइया थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ को लूट की मोबाइल फोन रियलमी कम्पनी (बिना सिम) के साथ गिरफ्तार किया गया।

# दिसम्बर महीने में ठंड का आज दिखा असर, दोपहर तक कोहरे के कारण नहीं दिखा सूर्य



कोहरे के बीच गाड़ियां लेकर चलते लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को सुबह जब लोग बाहर निकले तो कोहरा इस कदर था कि सामने 50 फिट भी कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। कोहरे का प्रभाव जबरदस्त था जिससे वाहनों की गति धीमी पड़ गई थी। खास बात रही कि कोहरे के साथ ठंड भी बढ़ गई थी। इससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। दोपहर के बाद अपरान्ह में सूर्य निकला तो कुछ लोगों ने राहत महसूस की।

दिसम्बर महीने में ठंड का आज असर दिखाई दिया। सुबह लोगों को कोहरे के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्कूली बच्चों को तैयार होने में काफी दिक्कतें हुई और बच्चे स्कूल में देरी से पहुंचे। प्रषासन ने चैराहों पर अलाव जलवाया था जिस पर लोग अलाव तापते नजर आए। कोहरे के कारण गाड़ियों की चाल काफी धीमी हो गई थी। लोग लाइट लगाकर अपने वाहनों से आ जा रहे थे। दोपहर बाद धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### भण्डारे में उमडे श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के जंगली वीर बाबा पर श्रीराम कथा के समापन पर मंगलवार को भण्डारे मे श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद चखा। वही भण्डारे मे हुए भजन संकीर्तन मे भी महिला श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक समा बांधी। भण्डारे का संयोजन संगीतकार सुरेन्द्र ने किया। वहीं धमाचार्य आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री तथा भगवताचार्य पं. विनय शुक्ल ने श्रद्धालुओं को मंगलाशीष प्रदान किया। भण्डारे मे आए श्रद्धालुओं ने धाम मे स्थित देवी देवताओं के मंदिरो मे भी मत्था टेककर कल्याण की कामना की। भण्डारे मे चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी भी शामिल हुए। इस मौके पर अशोक सरोज, मक्खन शुक्ला, जितेन्द्र पुजारी, प्रदीप कौशल, जय मोदनवाल आदि रहे।

# ट्रक पर लदे मवेशियों को पुलिस ने कराया तस्करों के चंगुल से मुक्त, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक ट्रक पर लदे बीस मवेशियों को पशु तस्करों के चंगुल से मुक्त कराने में कामयाबी ली है।

प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर मुखबिरी सूचना को लेकर रात्रि गश्त कर रहे दरोगा जोगेन्द्र सिंह मंगलवार की सुबह करीब सवा पांच बजे फोर्स के साथ चंदापुर के आंवला की बाग मे पहुंचे। यहां एक ट्रक पर बीस मवेशियो को लादकर ले जाने की आरोपी तैयारी कर रहे थे। पुलिस को देख आरोपी चालक समेत बाग से फरार हो गये।

पुलिस ने ट्रक से मवेशियो को मुक्त कराते हुए स्थानीय लोगों के सुपुर्द किया। पुलिस ट्रक को कब्जे मे लेकर कोतवाली ले आयी है। दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ गोवश निवारण अधिनियम का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि ट्रक का नंबर टेज्स आउट कर आरोपियो की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस द्वारा मुक्त कराये गये मवेशी।

### बार काउंसिल ऑफ यूपी में अनुशासन समिति सदस्य बने अजय शुक्ला

**अखंड भारत संदेश**



अजय

**प्रतापगढ़।** बार काउंसिल आफ यूपी में अनुशासन समिति के सदस्य के रूप में अधिवक्ता अजय कुमार शुक्ला को मनोनीत किया गया है। कार्यालय अधीक्षक बार काउंसिल ऑफ यूपी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रदेश सदस्य हरिशंकर सिंह एवं पूर्व सदस्य अजय कुमार शुक्ला के निर्देश पर लालगंज के निवासी एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अजय कुमार शुक्ला को 11 दिसंबर से अनुशासन समिति का सदस्य मनोनीत किया जा चुका है। अब श्री शुक्ला अधिवक्ताओं से संबंधित मामलों के निस्तारण में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। अधिवक्ताओं के विरुद्ध दायर किए जाने वाले मामलों की सुनवाई में श्री शुक्ला की भूमिका रहेगी। वह वर्तमान में लखनऊ खंडपीठ में बतौर अधिवक्ता अपनी सेवा दे रहे हैं। उनके इस मनोनयन से क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता है।

### सृजन सम्मान से अलंकृत होंगी भजन गायिका डा. ऋचा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति के आगामी अटठाईस एवं उन्तीस तथा तीस दिसंबर को गुजरात की राजधानी गांधी नगर में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में देश की जानी मानी कवियत्री एवं शायरा एवं भजन गायिका डा. ऋचा सिन्हा सृजन सम्मान से नवाजी जाएगी। डा. ऋचा सिन्हा के सृजन सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा होने पर यहां साहित्यकारों तथा शायरों व प्रबुद्ध वर्ग में मंगलवार को खुशी का माहौल दिखा। मुम्बई की जानी मानी कवियत्री डा. ऋचा भजन गायन मे भी लोगों के बीच खास मुकाम रखती आ रही है। संस्कृत और देश की भाषाओं के उन्नयन को समर्पित देश की अग्रणी संस्था के द्वारा डा. ऋचा को साहित्य महोत्सव गुजरात मे यह सम्मान समर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में देश भर के साहित्यकार व संगीतकार व संस्कृतकर्मी प्रतिनिधित्व करेंगे।

### रंजिश में आरोपियों ने घर में घुसकर किया मारपीट, आधा दर्जन लोग जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पारिवारिक विवाद को लेकर एक महिला ने अपने मायके से कुछ लोगों को बुलाकर पड़ोसी को घर में घुसकर जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पटखौली गांव के रहने वाले ओंकार नाथ पुत्र हीरालाल ने बताया कि गांव के एक महिला से उनका पारिवारिक रंजिश था जिसके कारण उसने अपने मायके से कुछ लोगों को बुलाकर घर में घुसकर उसके मां भाई और बेटी को जमकर मारा पीटा जिससे कई लोग जख्मी हो गए मारपीट में शंभू नाथ पुत्र हीरालाल हीरालाल पुत्र रामखेलावन ओमकारनाथ पुत्र हीरालाल गीतादेवी शिवानी यशोदा पत्नी हीरालाल आदि लोग जख्मी हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में शिकायती पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# जिले में 31 जनवरी तक निषेधाज्ञा लागू: अपर जिला मजिस्ट्रेट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे, 29 दिसम्बर को गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती व 01 जनवरी को नववर्ष, 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का त्योहार पर्व मनाया जायेगा। इसके अतिरिक्त इस दौरान सम्भावित विभिन्न परीक्षाओं व आसन्न नगर निकायों के निर्वाचन के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरते जाने व परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था तथा सम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु अपर जिला मजिस्टेªट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद में 31 जनवरी 2023 तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। उन्होने कहा है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नही होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नही किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नही किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलायी जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, एक नली बन्दुक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नही चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथ बैंक में लगे हुये सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा।

### अवैध शराब के साथ धराया आरोपी, केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को बीस लीटर देशी शराब के साथ धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा अनीस कुमार यादव मंगलवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। मेढ़ावां के रमनी का पुरवा में पुलिस को अवैध शराब बिकने की जानकारी हुई। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर गांव के आरोपी पप्पू को बीस लीटर शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

# इन्सेक्टीसाइड्स मैनेजमेन्ट कोर्स की एडवाइजरी जारी

## मैनेजमेन्ट कोर्स करें लाइसेंस स्वतः होगा निरस्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा0 अश्विनी कुमार सिंह ने बताया है कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना के क्रम में एक व्यक्ति विक्रय, स्टाक या विक्रय के लिये प्रदर्शन या कीटनाशी के वितरण हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिये आवेदन करता है वह कृषि विज्ञान या जैव रसायन या जैव प्रौद्योगिकी या जैव विज्ञान या ऐसा विज्ञान जिसमें रसायन विज्ञान या जीवन विज्ञान या प्राणी विज्ञान में स्नातक डिग्री के रूप में न्यूनतम अर्हता या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि या बागवानी में एक वर्ष डिप्लोमा पाठ्यक्रम के रूप में न्यूनतम अर्हता धारण करता हो, सभी कीटनाशी फुटकर विक्रेता या डीलर जो इस उप नियम के अधिसूचना की तारीख को विधिमान्य अनुज्ञप्ति को धारण नहीं करते हो, उन्हें शैक्षिक अर्हता प्रदान करने के लिये 02 वर्ष का समय दिया गया थां इसके उपरान्त भी समय-समय पर शैक्षिक अर्हता पूर्ण करने हेतु समय दिया जाता रहा है जिसकी अन्तिम समय सीमा 31 दिसम्बर 2022 है। ऐसे सभी फुटकर कीटनाशी या डीलर विक्रेता द्वारा शैक्षिक अर्हता पूर्ण नहीं की गई है व कीटनाशी लाइसेंस धारक है को सूचित किया जाता है कि वह किसी राज्य विश्वविद्यालय अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र अथवा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबन्ध संस्थान, हैदराबाद अथवा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायत राज संस्थान अथवा राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान हैदराबाद, राज्य कृषि प्रबन्धन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान केन्द्र अथवा राज्य अनुसंधान संस्थानों अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से सप्ताह में एक बार कक्षाओं सहित प्रति सप्ताह प्रतिदिन 12 सप्ताह की अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्टिफिकेट कोर्स ऑन इन्सेक्टीसाइड्स मैनेजमेन्ट तत्काल कर लें अन्यथा शैक्षिक अर्हता पूर्ण न करने की दशा में 31 दिसम्बर 2022 के बाद उनका कीटनाशक लाइसेंस स्वतः निरस्त हो जायेगा जिसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगें।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में वर्षा जल संचयन, भू-जल संरक्षण एवं भू-जल रिचार्ज योजनाओं से सम्बन्धित जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी, व उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी।

बैठक में सहायक अभियंता, लघु सिंचाई श्री शुभम कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्ष-2013 में भूजल ऑकलन रिपोर्ट के अनुसार जनपद के 08 विकास खंडों में से 03 विकास खण्ड-चायल, मूरतगंज व सिराथू अतिदोहित एवं 03 विकास खण्ड-कड़ा, मंझनपुर व नेवादा क्रिटिकल तथा 02 विकास खण्ड-कौशाम्बी व सरसवां सुरक्षित श्रेणी में थे, भू-जल संरक्षण के कारण वर्ष-2022 में भू-जल ऑकलन रिपोर्ट के अनुसार विकास खण्ड चायल व मूरतगंज अतिदोहित एवं विकास खण्ड कड़ा, सिराथू, मंझनपुर व नेवादा सेमी क्रिटिकल तथा विकास खण्ड कौशाम्बी व सरसवां सुरक्षित श्रेणी में है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में लघु सिंचाई विभाग द्वारा जनपद में 20 तालाब और 65 चेकडैमों का निर्माण कराया गया है, जिससे लगभग 44.79 हेक्टेयर मीटर भूजल रिचार्ज होता है और लगभग 1462.20 हेक्टेयर भूमि पर अतिरिक्त सिंचाई सुविधा विकसित किया गया है, जिससे वार्षिक भूजल रिचार्ज बढ़ाने और दोहन में कमी होने के कारण भूजल स्तर में सुधार हुआ है और जनपद में 02 विकास खण्ड अतिदोहित व 04 विकास खण्ड सेमी क्रिटिकल श्रेणी में बचे हुए हैं।

सहायक अभियंता, लघु सिंचाई ने बताया कि जनपद के 35 नालों का सर्वे कराने के पश्चात 50 स्थल चेकडैम निर्माण के लिए उपयुक्त पाये गये एवं 313 तालाबों का सर्वे कराया गया, जिसमें 174 तालाब निर्माण/जीर्णोद्धार के लिए उपयुक्त पाये गये और 102 शासकीय व अर्द्धशासकीय भवन रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना के लिए उपयुक्त पाये गयेउन्होंने बताया कि जनपद में 50 चेकडैम व 174 तालाब एवं 102 शासकीय व अर्द्धशासकीय भवनों में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जायेंगा मुख्य विकास अधिकारी ने ए0एम0आई0 को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दियें बैठक में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# धोखाधड़ी का आरोपी नगरपालिका का लिपिक भेजा गया जेल

## जेल के वाहन के बजाय लग्जरी कार से लिपिक श्याम बाबू को जेल में दाखिला कराया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस को चकमा देकर फरार होने वाला नगर पालिका मंझनपुर के लिपिक श्याम बाबू हाईकोर्ट से डायरेक्शन लेकर सोमवार को अदालत में हाजिर हुए और जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान माननीय न्यायाधीश ने जमानत याचिका खारिज कर दिया और सुनवाई के बाद अदालत ने लिपिक श्याम बाबू को जेल भेज दिया अदालत से जेल भेजे जाने के निर्देश दिए जाने के बाद फिर पुलिस ने श्याम बाबू को आरोपी की तरह जेल भेजने के बजाय राजवाड़ा की तरह जेल भेजा है जेल के वाहन के बजाय लग्जरी कार से लिपिक श्याम बाबू को पुलिस ने जेल में दाखिला कराया है।

अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद लिपिक श्याम बाबू ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाए जाने की मांग की थी लेकिन उच्च न्यायालय से उन्हें राहत नहीं मिल सकी नगरपालिका परिषद मंझनपुर के लिपिक श्याम बाबू धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में आरोपी है नगर पंचायत मंझनपुर के पूर्व अध्यक्ष नजीर अहमद के पुत्र महताब आलम ने लिपिक श्याम बाबू के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद पिछले एक साल से नगरपालिका का लिपिक श्याम बाबू फरार चल रहा था पंजाब में लगातार उनकी लोकेशन मिल रही थी लेकिन कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद भी आरोपी लिपिक को गिरफ्तार करने का प्रयास नहीं किया था।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एआरटीओ कार्यालय कोर्राई के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ट्रक के चपेट में आ गया है जिससे बाइक सवार लहूलुहान होकर बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल हो गया हादसे की जानकारी मिलते ही राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे 108 एंबुलेंस को फोन कर मामले की सूचना दी मौके पर एंबुलेंस पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार करते हुए इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा तफारिक गांव निवासी अभिषेक उम्र 20 वर्ष मंगलवार को अपने घर से अपनी दोपहिया वाहन से मंझनपुर की तरफ जा रहा था जैसे ही बाइक सवार अभिषेक एआरटीओ कार्यालय कोर्राई के पास पहुंचा बेकाबू ट्रक ने अभिषेक की दो पहिया वाहन को अपने चपेट में ले लिया जिससे अभिषेक बाइक समेत सड़क पर गिरकर तड़पने लगा उसे गंभीर चोटे आ गयीं राहगीरों ने अभिषेक को तड़पते देख तत्काल 108 एम्बुलेंस पर कॉल किया। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई और एम्बुलेंस के ई?मटी ने प्राथमिक उपचार करते हुए इलाज के लिए अभिषेक को जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस।

# बिना पंजीकृत संचालित निजी अस्पतालों की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के डीएम ने दिए निर्देश

## डीएम ने कहा ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही की जाय

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्कफोर्स की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति लाने एवं जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कनैली एवं मंझनपुर में अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सापेक्ष लाभार्थियों के भुगतान में प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आशाओं के भुगतान में भी प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि ए0एन0एम0, वी0 एच0 एस0 एन0 डी0 सेशन में सभी आवश्यक लाजिस्टिक अवश्य लेकर जाय। बैठक में बताया गया कि सी0एच0सी0 कड़ा में 03 ए0एन0एम0 काफी दिन से नहीं आ रहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने तथा रिक्त संविदा ए0एन0एम0 के पदों पर नियमानुसार भर्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।



बैठक में उपस्थित डीएम सीएमओ व अन्य।

बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होने संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कनैली एवं मंझनपुर में अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने बिना पंजीकृत संचालित निजी अस्पतालों के विरूद्ध जॉच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सी0डी0पी0ओ0 के माध्यम से अभियान चलाकर सभी सैम बच्चों का सी0एच0सी0 में जॉच कराकर आवश्यकतानुसार सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के निर्देश दियें। उन्होंने पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट के तहत नियमित रूप से जॉच की कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने रोगी कल्याण समिति के बजट को निर्धारित मदों में व्यय करने के भी निर्देश दियें। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं सी0एम0एस0 डॉ0 दीपक सेठ सहित अन्य सम्बान्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नहर सफाई में अनियमितता की कमिश्नर से शिकायत करेंगे सकिपा कार्यकर्ता

**कौशाम्बी।** द्वाबा की नहरों में चल रहे सफाई कार्य में जारी अनियमितता की समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ता कमिश्नर से शिकायत करेंगे। इस संबंध में पार्टी नेता अजय सोनी ने बताया कि जल्द ही समर्थ किसान पार्टी के कार्यकताओं की एक टीम कमिश्नर प्रयागराज से मुलाकात कर कौशांबी जनपद की सभी नहरों की सफाई में की गई अनियमितता एवं धांधली की शिकायत करेंगे। इसी के साथ अजय सोनी ने बताया कि कौशांबी जनपद की नहरों में सफाई का काम मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। इस बात की शिकायत जिला प्रशासन कौशांबी से की गई थी लेकिन जांच के नाम पर आज तक कुछ नहीं हुआ जबकि ठेकेदार सफाई के काम करवाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किए हैं। ऐसे में जल्द ही सकिपा कार्यकर्ता कमिश्नर प्रयागराज से मुलाकात करेंगे और नहर सफाई कार्य में की गई धांधली की शिकायत करेंगे।

## मंझनपुर और पइंसा में नए कोतवाल की तैनाती

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक ने देर रात तीन कोतवाल को स्थानांतरित कर नई तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह को मंझनपुर कोतवाली से हटाते हुए मोहब्बत पुर पैंसा कोतवाल के पद पर स्थानांतरित किया गया है और मोहब्बतपुर पैसा के कोतवाल विनोद कुमार मौर्या को न्यायालय की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है मीडिया सेल प्रभारी संतोष कुमार शर्मा को मंझनपुर कोतवाली का इंचार्ज बनाया गया है।

# हिन्दू जागरण मंच ने फूका पठान मूवी का पुतला जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जान बूझकर सनातन धर्म के खिलाफ एक अभियान छेड़ा जा रहा है। उसी अभियान के तहत जिले में हिंदू धर्म प्रतीकों के खिलाफ अतिक्रमण किया जा रहा है लेकिन हिंदू जागरण मंच किसी भी दशा में हिंदु प्रतीकों का ध्वस्तीकरण नहीं होने देगा। विभिन्न फिल्मों में जानबूझकर सनातन धर्म के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है इसी की कड़ी में फिल्म निमार्ता शाहरुख खान द्वारा पठान मूवी भगवा का अपमान किया गया है जिसके विरोध में हिंदू जागरण मंच ने आज इस मूवी के निमार्ता के पुतले का दहन किया और अपना विरोध जताया। इसके साथ राजा जयचंद किले तथा मुख्यालय मंझनपुर में मन्दिर पूजा अर्चना की गई। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के प्रांत संगठन ने शिव नारायण ने कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया।



पुतला फूंकते हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी।

मंगलवार को हिंदू जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री शिवनारायण जी ने कौशांबी जिले के मंझनपुर स्थित शिव मंदिर का दौरा किया। इसके बाद मुख्यालय मंझनपुर में पठान मूवी को सनातन विरोधी बरात बताते हो उसका पुतला दहन किया गया। इसके बाद संगठन के लोगों ने कड़ा धाम स्थित राजा जयचंद के किले का दौरा किया गया जहां पर किले के अंदर जो की ऐतिहासिक इमारत है वहां पर गैरकानूनी तरीके से अवैध रूप से नए कमरों को बनाए जाने और अवैध अतिक्रमण किए जाने के मामले की जांच की इस मौके पर संगठन के सभी लोग बहुत ही नाराज दिखाई दिए उनका कहना था कि प्रशासन की अनदेखी के चलते यह पूरा अवैध कारनामा दूसरे धर्म के लोगों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है तथा हिंदू धर्म प्रतीकों को ध्वस्त किया जा रहा है इस मौके पर संगठन के सभी लोगों ने एक स्वर में जिला प्रशासन से मांग की कि वह तत्काल इस अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कराकर ऐतिहासिक किले को संरक्षित करें। इस मौके पर राकेश पांडे चक्रेश मिश्रा सुरेंद्र मिश्रा नरेंद्र सिंह पटेल यदुनंदन सिंह यशवंत यादव रजत पांडे प्रमोद जी प्रकाश दुबे कृष्णकांत त्रिपाठी लक्ष्मण सिंह अंगद सिंह श्री प्रकाश तिवारी उत्तम सिंह हर्षित मिश्रा विनोद विश्वकर्मा वीरेंद्र विश्वकर्मा अंशुल केसरवानी पप्पू चौधरी भूपेंद्र शर्मा बृजेश कुमार गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 26 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय आईटीआई सिराथू मंझनपुर एवं कौषल विकास मिषन के संयुक्त तत्वावधान में 26 दिसम्बर 2022 को कौषल विकास मिषन प्रषिक्षण केन्द्र मंझनपुर रोड ओसा चौराहा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी।

## शौच को जा रही किशोरी से छेड़खानी करने वाला मनचला गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में 2 दिन पहले एक अन्य बालिका के साथ शौच को जा रही एक किशोरी के साथ मनचले युवक ने बीच रास्ते मे छेड़खानी की थी विरोध करने पर किशोरी को कई थप्पड़ भी मनचले ने मारा था राहगीरों के आने के बाद किशोरी को छोड़कर युवक मौके से फरार हो गया था जिससे किशोरी की इज्जत बच रखी थी मामले का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है मामले को संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के बाद युवक की खोजबीन कराई जिस पर थाना पुलिस ने युवक की शिनाख्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# भूख प्यास से मर रहे गौवंश, जिम्मेदार कमीशन में मस्त

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** योगी सरकार के महत्वपूर्ण योजना गौ संरक्षण केंद्र अधिकारियों के कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई है जिससे पशुओं को भरपेट चारा दाना नहीं मिल रहा है जिससे गौ संरक्षण केंद्र में पशु बीमार हो रहे हैं बीमार पशुओं का पशु चिकित्सकों द्वारा ठीक से इलाज नहीं किया जाता जिससे पशुओं की मौत हो रही है पशुओं को टैगिंग करा कर के रजिस्टर में नियमानुसार अंकित नहीं किया गया है जिससे पशुओं की मौत के बाद जिम्मेदार पल्ला झाड़ कर अपने को बचाने में सफल हो रहे हैं और आला अधिकारी भी इस गंभीर और योगी सरकार की महत्वपूर्ण योजना में मूकदर्शक बने हुए हैं। नगर पंचायत अझुवा का कान्हा गौशाला जिसमे 175 गौवंश संरक्षित किये गए।



गौसंरक्षण केंद्र अझुवा में गोवंश की दुर्दशा।

मौके पर 4 गौवंश भूख प्यास बीमारी से मरने की कगार पर हैं तड़प रहे हैं जिनको दफनाने के लिए गौशाला में जेसीबी खड़ी मिली है वही नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि प्रति जानवर 30 रुपए के आसपास धन मिलता है जबकि भूसा 10 रुपये आसपास मिलता है पशु केयरटेकर को नगर पंचायत में अन्य योजना से भुगतान किया जा रहा है उसके बाद भी पशुओ की यह दुर्दशा बड़ी चिंता का विषय है।

## 220 लीटर कच्ची शराब बरामद कर पुलिस ने नष्ट कराया 11 कुंतल अर्धनिर्मित लहन

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाल भुवनेश कुमार के दिशा निर्देशन में अझुवा पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी ने पुलिस टीम राजवीर सिंह राहुल सिंह अरविंद कुमार गुलशन के साथ अझुवा कस्बे के वार्ड नंबर 4 मढ़िया मई अडाड रसूलपुर में छापा मारकर 220 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है शराब भट्ठियों पर अर्ध निर्मित 11 क्विंटल लहन पुलिस ने नष्ट करा दिया है मौके पर पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण को बरामद कर शराब भट्ठी को तहस-नहस कर दिया है पुलिस की बड़ी कार्यवाही से शराब बनाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## ओटीएस योजना का उठायें लाभ

**कौशाम्बी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/ जिला प्रबन्धक-अनुगम दिलीप कुमार ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना स्वच्छकार विमुक्ति एवं पुर्नवासन योजना राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की अनुविनि ऋण (टर्म लोन) एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त निगम तथा सिनेटरी मार्ट योजना, दुकान निर्माण योजना लॉण्ड्री एवं ड्राईक्लीनर्स योजना के अर्न्तगत ऋण प्राप्त कर चुके सभी लाभार्थियों को सूचित किया है कि शासन निगम द्वारा वितरित ऋणों की वसूली के लिए ह्यह्यएक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के अर्न्तगत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऋण गृहीता से ऋण स्वीकृति के समय निर्धारित ऋण चुकता अवधि (36 माह से 60 माह जैसी स्थिति हो) का साधारण ब्याज लिया जायेगा शेष अवधि का सम्पूर्ण ब्याज चक्रवृद्वि ब्याज दण्ड ब्याज माफ कर दिया जायेगा। यह योजना 30 जून, 2023 तक लागू रहेगी, 30 जून, 2023 के पश्चात ऐसे ऋण गृहीताओ के विरूद्व वसूली प्रमाण पत्र (आरसी) जारी हो जायेगी 10 प्रतिशत अतिरिक्त कलेक्शन चार्ज भी देय होगा दुरभाष न0 7311159858 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

# कहां गायब हो गई कन्या पाठशाला की हजारों बीघा भूमि

## ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल की जमीन भी भू माफियाओं के कब्जे में पहुँची

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में सरकारी भूमि पर बड़े-बड़े घोटाले हो रहे हैं लेकिन सरकारी जमीनों की सुरक्षा में लगे अधिकारी घोटाले बाजों से पैसा वसूल कर तिजोरी भरने तक सीमित हैं राजस्व से जुड़ी भूमि बंजर ऊसर तालाब नवीन परती कब्रिस्तान खलिहान आदि में कब्जा किए जाने का मामला आम बात हो गया है अब तो सरकारी विद्यालयों की जमीनें भी कब्जा हो गई हैं और आला अधिकारी बेखबर हैं ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल की सैकड़ों बीघे जमीन पर सपा बसपा सरकार के कार्यकाल में कौशांबी जिले में कब्जा हो चुके हैं इसी तरह सरकारी कन्या पाठशाला की जमीनों पर भी सपा बसपा सरकार के कार्यकाल में कब्जे हो चुके हैं।

सूत्रों की माने तो ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल और कन्या पाठशाला की जमीनों को मिलाकर एक हजार बीघे से ऊपर की सरकारी जमीन पर कब्जा हो चुका है लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास नहीं कर सके हैं सूत्रों की मानें तो तत्कालीन अध्यापकों ने कुछ रुपए लेकर के सरकारी जमीनों को लोगों को कब्जा करने की छूट दे दी है लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद मामले में जांच कराकर आला अधिकारियों ने ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल और कन्या पाठशाला की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया है यह बड़ा मामला है लेकिन इस मामले में भी अधिकारी गंभीर नहीं है यदि सूबे की योगी सरकार ने ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल और कन्या पाठशाला की सरकारी जमीन पर सपा और बसपा सरकार के कार्यकाल में हुए अवैध कब्जे की जांच कराते हुए सरकारी स्कूल की हजारों बीघा जमीन को खोजना शुरू किया तो तमाम लोगों पर गाज गिरना तय है।

## शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने सभी उप जिलाधिकारियों/तहसीलदारों एवं सभी अधिशासी अधिकारियों को शीतलहर के दौरान शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए कम्बल वितरण, अलाव जलाने व शेल्टर होम/रैन बसेरों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें है। उन्होंने निर्देशित किया है कि आश्रय विहीन व्यक्तियों के लिए रैन बसेरों/शेल्टर होम की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय, कोई भी व्यक्ति रात्रि में सड़क अथवा फुटपाथ पर न सोने के लिए बाध्य न हों, इन रैन बसेरों में रूकने वाले लोगों को ठण्ड से बचाव के लिए आवश्यक समस्त उपाय यथा-गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि की व्यवस्था निःशुल्क सुनिश्चित किया जाय तथा रैन बसेरों के आस-पास तथा प्रत्येक चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक रैन बसेरों/शेल्टर होम के लिए एक अधिकारी नामित करने एवं समस्त रैन बसेरों/शेल्टर होम में केयर टेकर तैनात कर नाम पदनाम, मोबाइल नम्बर रैन बसेरों/शेल्टर होम के गेट पर अंकित कराने के निर्देश दिये हैं।अपर जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सालयो बस स्टेशनो, श्रमिकों के कार्य स्थलों एवं बाजारों में रैन बसेरा/शेल्टर होम संचालित करने के निर्देश दियें है उन्होंने रैन बसेरों में महिलाओ व पुरूषों के सोने व शौचालय आदि की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रचार कराने के भी निर्देश दियें है उन्होंने रैन बसेरों के आस-पास एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त अलाव प्रतिदिन जलाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्बल/निराश्रित व्यक्तियों को शीतलहर व ठण्ड से बचाने के लिए निःशुल्क कम्बल व अन्य सामग्री वितरण कराने के निर्देश दियें है।

## जिलाधिकारी ने गोवंशों को शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए काऊ कोट पहनाया

### गोवंशों को शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा मंगलवार को गौशाला मंझनपुर में गोवंशों को शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए काऊ कोट पहनाया गया जिलाधिकारी ने ई0ओ0 मंझनपुर से गौशाला में गोवंशों की संख्या, भूसा-चारा की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए गौशाला में भूसा-चारा की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही गोवंशों को शीतलहर एवं ठण्ड से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने गौशाला की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को सहभागिता योजना के तहत गोवंशों की सुपुर्दगी में भी प्रगति लाने के निर्देश दियें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



गाय को कोट पहनाते डीएम।

## पीड़ित ने पकड़ा चोर पुलिस ने छोड़ा कौशांबी

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चकमाह पुर पांडे मऊ निवासी सुनील कुमार पुत्र संपत लाल ने चरवा थाना क्षेत्र के अमनी लोकीपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र सेवक लाल के साथ बब्बू का घर किराए पर लेकर गैरेज की दुकान खोल रखी है इस दुकान में ताला तोड़कर 3 अक्टूबर को 40 हजार कीमत का सामान चोर उठा ले गए थे थाने में सूचना देने के बाद चोर नहीं पकड़े गए जिससे चोर के हौसले बुलंद थे जिस पर दोबारा 16 अक्टूबर को चोर दुकान पर पहुंचे और चोरी कर रहे थे जिस पर दुकान मालिक ने रंगे हाथ चोर को पकड़ लिया और 112 डायल पुलिस को बुलाकर चोर को सौंप दिया पूछताछ में चोर का नाम जयप्रकाश मौली बताया गया 112 नंबर की पुलिस ने पकड़े गए चोर को कोखराज थाना पुलिस को सौंप दिया लेकिन पुलिस ने आरोपी चोर से सामान की बरामदगी कराए जाने के बजाय उसे थाने से बाइज्जत बरी कर दिया है थाना पुलिस का यह रवैया बेहद शर्मसार है पीड़ित 2 महीने से न्याय के लिए भटक रहा है न्याय न मिलने पर उसने सांसद से फरियाद की है।

## संपादकीय

# कब कोई बनता है मेसी या एम्बाप्पे

**खेल का** मैदान किस तरह से देश की सीमाओं से लेकर वर्गभेद मिटा देता है, यह सारी दुनिया ने बीते रविवार को देखा है । फीफा कप के फाइनल को देखने का भारत से लेकर दुनिया के कोने-कोने में रहने वाले खेल प्रेमी इंतजार कर रहे थे। जाहिर है कि जो फाइनल मैच को देख रहे थे, उनमें से अधिकतर का संबंध न तो फ्रांस से था और न ही अजेर्टीना से। पर इन दोनों देशों के खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ खेल और खेल भावना से सबका दिल जीता। ये सबके हो गए और सब इनके हो गए। यही तो खेल की सच्ची भावना है। फ्रांस और अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को देखकर लगा ही नहीं कि ये हमारे नहीं हैं। इनमें हम भी अपने खेल के नायकों जैसे सचिन तेंदूलकर, नीरज चोपड़ा या लिएंडर पेस को ही देख रहे थे। खेल देशों-दुनिया को जोड़ता है, एक सूत्र में पिरोता है। हमने कब मोहम्मद अली, पेले, माराडोना, लारा, रोजर फेडरर या उसेन बोल्ट को अपना नहीं माना। इसी तरह से हमारे सफल खिलाड़ियों जैसे दादा ध्यान चंद, मिल्खा सिंह, विश्वनाथन आनंद को देश और देश से बाहर खेल प्रेमियों का भरपूर प्यार मिलता रहा। कुछ समय पहले महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने टेनिस की दुनिया से सन्यास लिया था। तब सारी दुनिया के खेल प्रेमी उनके चमत्कारी करियर को याद कर रहे थे। उनमें भारतीय भी तो कोई कम नहीं थे।
कोई खिलाड़ी मेसी, एम्बाप्पे, रोजर फेडरर, डिएगो माराडोना, मोहम्मद अली या कपिल देव कैसे बन जाता है? इस सवाल का उत्तर तलाश करने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सभी खिलाड़ी मेहनत करते हैं। पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहे जाते। वे ही महान माने जाते हैं जो बिग मैच प्लेयर होते थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे। तब उनका जलवा देखते ही बनता था। बड़े खिलाड़ी का यही सबसे बड़ा गुण होता है कि वे खास मैचों या विपरीत हालातों में छा जाते हैं। मेसी तथा किलियन एम्बाप्पे ने फीफा कप के फाइनल मैच में लाजवाब खेल का प्रदर्शन किया। मेसी और एम्बाप्पे ने कुल जमा तीन और चार गोल किए। ये गुण होता है कि किसी बड़े खिलाड़ी में जो उसे महान बनाता है। मतलब जब टीम को आपकी सर्वाधिक जरूरत होती है तब ही आप अपने जौहर दिखाते हैं। कई बेहतरीन खिलाड़ी कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने जौहर नहीं दिखा पाते थे। लेकिन, ये फाइनल या अन्य खास मैचों के समय अपने जलवे बिखरते हैं। मेसी और एम्बाप्पे जैसे खिलाड़ी विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें सारी दुनिया प्यार करती थी। बड़े प्लेयर के साथ यही होता है। वह सबका होता है और सब उसके होते हैं। अब धावक उसेन बोल्ट को लें। उन्हें भारत में उतना ही अपना माना जाता है जितना किसी अन्य देश में। वैसे वे हैं तो जमैका से । रोजर फेडरर दिसंबर, 2015 में दिल्ली में कुछ प्रदर्शनी मैच खेलने आए थे। भारत के टेनिस के शैदाइयों को लीजैंड बन चुके रोजर फेडरर को साक्षात देखने का मौका मिल रहा था। रोजर फेडरर को खेलते हुए देखकर दर्शक झूम रहे थे। फेडरर बार-बार दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ हिला रहे थे। हार्ड, क्ले और ग्रास तीनों कोर्ट में एक जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले फेडरर जब कोर्ट में उतरे तो फिटनेस का चरम लग रहे थे। उनके चेहरे पर एक सुपर स्टार वाली गरिमा को देखा जा सकता था। मुझे याद आ रही है 1976 की गणतंत्र दिवस की वह परेड। तब वहां पर महानतम मुक्केबाज मोहम्मद अली आए थे। उस समय इमरजेंसी का दौर चल रहा था। परेड शुरू होने में कुछ पल शेष थे। तब ही लाउडस्पीकर से घोषणा हुई कि विश्व हैवीवेट मुक्केबाज चैंपियन मोहम्मद अली राजपथ पर पधार रहे हैं। यह जानकार राजपथ पर मौजूद हजारों लोग प्रसन्न हो गए थे। मोहम्मद अली तब अपने करियर के शिखर पर थे। वे विश्व नायक थे। वे परेड शुरू होने से पहले राजपथ पर आ गए थे। उनक चाहने वाले उनका नाम लेकर उनका अभिवादन कर रहे थे। लंबे-ऊंचे कद के मोहम्मद अली जवाब में अपने मुक्के को हवा में घुमा रहे थे। मोहम्मद अली देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ बैठे थे। दुर्भाग्य से वह दौर सेल्फी का नहीं था। बहरहाल,लियोनेल मेसी का विश्व विजेता बनने का सपना आखिरकार पूरा हो गया। 2014 में खिताब चूकने वाले मेसी की टीम ने फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे रोमांचक फाइनल में फ्रांस को फुल टाइम में 3-3 से स्कोर बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। यह अर्जेंटीना का तीसरा खिताब है। इससे पहले उसने 1978 और 1986 में ट्रॉफी अपने नाम की थी। पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना के गोलकीपर मार्टिनेज ने कमाल कर दिया। उन्होंने दो मौके बचाए और मेसी का सपना पूरा कर दिया। इसके साथ ही मेसी का नाम माराडोना के साथ सुनहरे अक्षरों में लिख दिया गया है। भारत को भी मेसी, एम्बाप्पे, फेडरर और नीरज चोपड़ा जैसे सैकड़ों विश्वास से लबरेज खिलाड़ियों की दरकार है। अभी तो बस शुरूआत है। किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है कि उधर खेलों की दुनिया में किस तरह की उपलब्धियां अर्जित की जा रही हैं। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने भी इस साल इतिहास रचना। आप जानते हैं कि भारत ने थामस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 के अंतर से हराकर ये उपलब्धि हासिल की।लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने भारत को थामस कप जितवाया। इसे बैडमिंटन की विश्व चैंपियनशिप माना जाता है। थामस कप में विजय से पहले भारत के बैडमिंटन सेंसेशन लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए थे। और बात भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन की भी। वह इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किग्रा) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

# राहुल की यात्रा से राजस्थान में मजबूत हुई कांग्रेस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा इन दिनों राजस्थान से गुजर रही है। राहुल गांधी की इस पदयात्रा से राजस्थान में कई गुटों में बंटी कांग्रेस जहां एकजुट हुई है। वही संगठन की दृष्टि से भी मजबूत हुई है। एक तरह से कहा जाए तो राजस्थान कांग्रेस के लिए यह पदयात्रा संजीवनी साबित हो रही है। राजस्थान विधानसभा के अगले चुनाव में एक वर्ष से भी कम का समय रह गया है। प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल बना हुआ था। जिसे राहुल गांधी की पदयात्रा ने काफी हद तक कम करने का काम किया है। अब लगने लगा है कि अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनावी मुकाबले में कांग्रेस से कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। चार दिसंबर को राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा ने राजस्थान के झालावाड़ जिले में प्रवेश किया था। झालावाड़ जिला पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का गढ़ रहा है। वहां से राजे व उनका पुत्र दुष्यंत सिंह लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। झालावाड़ से अभी वसुंधरा के पुत्र दुष्यंत सिंह सांसद है। जिले की चारों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लंबे समय से कांग्रेस झालावाड़ जिले में प्रभाव जमाने में नाकामयाब रही है। लेकिन राहुल गांधी की पदयात्रा को वसुंधरा राजे के प्रभाव वाले इलाके में जो जनसमर्थन मिला। उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस पहले से अधिक मजबूत होकर उभरेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के रूट को कुछ इस ढंग से बनाया गया था। जिससे भाजपा के बड़े नेताओं के प्रभाव वाले क्षेत्रों से होकर पदयात्रा गुजरे ताकि वहां कांग्रेस की जमीन मजबूत हो सके। राजस्थान में राहुल गांधी की पदयात्रा झालावाड़,. कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, टोंक, दौसा, अलवर जिलों से होकर गुजर रही है। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जहां सीधे आम लोगों से संवाद स्थापित किया। वहीं कई मौकों पर निर्धारित कार्यक्रम से अलग हटकर लोगों से मिलते नजर आए। राहुल गांधी की पदयात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं।
राहुल गांधी की पदयात्रा में सबसे अधिक



क्रेज युवा वर्ग में देखने को मिला। पूरे रास्ते युवक राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होते रहे। राहुल गांधी ने भी युवाओं के साथ बातचीत करने व सेल्फी लेने में जरा भी कंजूसी नहीं बरती। वह हर जगह लोगों से खुलकर मिलते रहे। कई स्थानों पर तो वह लोगों के साथ बैठकर नुक्कड़ की दुकानों पर चाय पीते नजर आए तो कहीं खेतों में महिलाओं संग चारा काटने लगे। इस पदयात्रा से आमजन में कांग्रेस के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना है। जिसका लाभ निश्चय ही आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा के चलते कांग्रेस में चल रहे आपसी झगड़ों पर भी विराम लगा है। 25 सितंबर की घटना के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के गुट के नेता एक दूसरे के खिलाफ खुलकर बयान बाजी कर रहे थे। जिससे कांग्रेस की छवि लगातार खराब हो रही थी। मगर राहुल गांधी की पदयात्रा के कारण दोनों ही गुटों के नेता पूरी ताकत के साथ पदयात्रा को सफल बनाने में जुट गए। जिसके चलते जहां आपसी बयानबाजी पर तो रोक लगी ही साथ ही पार्टी में गुटबाजी भी कम हुई है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई दिनों तक राजस्थान में रहने के कारण राहुल गांधी ने राजस्थान के अधिकांश नेताओं से व्यक्तिगत बातचीत कर फीडबैक लिया है। जिससे उनको राजस्थान की वास्तविक स्थिति का भी ज्ञान हो गया है। राजस्थान कांग्रेस को एकजुट करने का जो काम कांग्रेस आलाकमान नहीं कर पा रहा था। वह काम राहुल गांधी की पदयात्रा से अपने आप ही होता नजर आ रहा है। अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस के सभी नेताओं को संदेश दिया है कि एकजुट होकर अगले विधानसभा चुनाव में उतरे और फिर से सरकार बनाएं। भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी ने जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि राजस्थान में चिरंजीवी योजना की लोग तारीफ कर रहे है। इसके अलावा शहरी मनरेगा जो शुरू किया है। उसके बारे में भी लोग अच्छी बातें कर रहे है। हालांकि लोग कहते है कि यहां बिजली नहीं आ रही है या फ्लोराइड के पानी की शिकायतें आती है। लेकिन ऐसी छोटी मोटी शिकायतें तो हर जगह से आती रहती है। ओवरऑल देखा जाए तो राजस्थान सरकार के बारे में लोगों का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स है। राहुल गांधी ने सचिन पायलट और अशोक गहलोत गुटों के बीच चल रही बयानबाजी को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी के अंदर लोकतंत्र है। इसलिए अगर कोइ अपनी बात रखना चाहता है तो कांग्रेस पार्टी में उसे दबाया नहीं जाता है। सभी लोग मिलकर काम करते है। कोई भी नेता ऐसा बयान न दे जिससे पार्टी को नुकसान हो। उन्होंने ने कहा कि अगर कार्यकर्ता ने अच्छा काम किया तो जरूर फिर सरकार बनेगी। हिमाचल के परिणाम सामने है। कांग्रेस को अंडर एस्टीमेट ना करें। उन्होंने कहा कि पार्टी का आम कार्यकर्ता जो सड़क पर लड़ता है उसको हमें प्राथमिकता देनी है। राजस्थान में अपनी पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी को एकजुट करने का बड़ा काम कर दिया है। उसके बाद अब राजस्थान के नेताओं को भी एकजुट होकर जनता के बीच जाना चाहिए और लोगों को पार्टी में ऑल इज वेल का संदेश देना चाहिए। तभी अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा का मुकाबला कर पाएगी। वरना कुछ दिनो पूर्व प्रदेश में कांग्रेस के नेताओं की जो स्थिति थी। उस स्थिति में तो कांग्रेस का फिर से जीत पाना मुश्किल लग रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश के सबसे बड़े नेता और सरकार के मुखिया हैं। उनकी जिम्मेवारी बनती है कि वह सचिन पायलट या अन्य किसी नेता के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी नहीं करें और सबको साथ लेकर चले। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान आमजन से जो वादे किए थे उनको भी हर हाल में पूरा करे। किसानों की कर्ज माफी, युवाओं को रोजगार, संविदा कर्मियों को नियमितीकरण, नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने जैसे कार्य अभी पूरे नहीं हुए हैं। प्रदेश के लोगों को मात्र 50 युनिट तक ही फ्री बिजली दी जा रही है। जबकि कांग्रेस अन्य प्रदेशों में चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में 300 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने का वादा करती है। ऐसे में राजस्थान के लोगों को भी 300 यूनिट तक प्रतिमाह मुफ्त बिजली देनी चाहिए। स्नातक तक पढ़े लिखे सभी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए। ाजस्थान में किसानों का मात्र सहकारी बैंकों के अल्पकालिक ऋण का ही कर्जा माफ हुआ है। जबकि बड़ी राशि का कर्जा तो राष्ट्रीयकृत बैंकों में लंबित चल रहा है। इस दौरान प्रदेश में हजारों किसानों की बैंकों द्वारा खेती की जमीन को कुर्क कर दी गई है। इन सब बातों का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को समय रहते निवारण करना चाहिए। अकेले सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने की योजना की बहाली से ही चुनाव नहीं जीत पाएंगे। जब तक प्रदेश के सभी मतदाताओं का दिल नहीं जीता जाएगा तब तक किसी भी पार्टी के लिए सरकार बनाना आसान नही होगा। ऐसे में कांग्रेस को अभी से अपने सभी पुराने वादों पर अमल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। ताकि अगले चुनाव में कांग्रेस के नेता द्वारा करवाये गये विकास कार्यों के बल पर छाती ठोक कर वोट मांग सकें तथा फिर से जीत हासिल कर कांग्रेस की सरकार बना सके।

> कोई भी नेता ऐसा बयान न दे जिससे पार्टी को नुकसान हो। उन्होंने ने कहा कि अगर कार्यकर्ता ने अच्छा काम किया तो जरूर फिर सरकार बनेगी। हिमाचल के परिणाम सामने है। कांग्रेस को अंडर एस्टीमेट ना करें। उन्होंने कहा कि पार्टी का आम कार्यकर्ता जो सड़क पर लड़ता है उसको हमें प्राथमिकता देनी है। राजस्थान में अपनी पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी को एकजुट करने का बड़ा काम कर दिया है

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार**

# जी 20 की अध्यक्षता: वैश्विक नेतृत्व का अभूतपूर्व अवसर

**श्याम जाजू**

**दुनिया** भर में फैली अस्थिरता, आर्थिक विषमता और प्रतिकूलता के मध्य विगत एक दिसंबर को भारत ने जी 20 समूह के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। जी 20 दुनिया के सफलतम देशों का संगठन है जिसके सदस्य देश-दुनिया की दो तिहाई आबादी के साथ वैश्विक सकल उत्पाद के 85% हिस्से, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के 75% हिस्से और विकास में वैश्विक निवेश के 80% हिस्से पर काबिज हैं। ऐसे सशक्त और प्रभावी संगठन का अध्यक्ष बनना वैश्विक परिदृश्य पर भारत के एक महत्वपूर्ण देश के रूप में उभरने का एक अहम संकेत है। भारत को जी 20 समूह के देशों के नेतृत्व की जिम्मेदारी ऐसे समय पर मिली है जब पूरी दुनिया सदी में एक बार आने वाली विघटनकारी महामारी, संघर्षों और बहुत सारी आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों से गुजर रही है। जिसकी वजह से अनेक देशों को उच्च मुद्रास्फीति, भोजन, उर्वरक और ऊर्जा की कमी, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता आदि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, परमाणु प्रसार आदि अन्य चुनौतियां वैश्विक अर्थव्यवस्था और समुदाय को लगातार अस्थिर कर रही हैं। कह सकते हैं भारत को काँटों का ताज मिला है। चुनौती यदि बड़ी है तो अवसर भी उतना ही बड़ा है। आज सारा विश्व भारत की तरफ देख रहा है। जिस तरह भारत अपने साहसिक और दूरदर्शी नेतृत्व और विवेकपूर्ण नीतियों के बल पर कोविड-जन्य विपरीत परिस्थितियों पर पार पाने में सफल हुआ है, वह सारे विश्व को अचंभित करने वाला है। कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन संघर्ष के झटकों से निपटने में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के कारण, भारत एक अंधेरे और उदास वैश्विक परिदृश्य में आशा की किरण के रूप में उभरा है। जहाँ जी 20 में सम्मिलित विश्व की अनेक बड़ी अर्थव्यवस्थाएं मुद्रास्फीति, घटती उत्पादकता, बढ़ती बेरोजगारी और आने वाली मंदी की आशंका से जूझ रही हैं, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। स्टॉक मार्केट अपने उच्चतम स्तरों पर है। स्टार्ट-अप संस्कृति छोटे-छोटे शहरों में भी पाँव पसार रही है, चहुँ तरफ निवेश भारत में आ रहा है। विदेशी मुद्रा का बड़ा भंडार देश के पास है। दुनिया भर में फैले भारतीय उद्यमी और पेशेवर सफलता की नयी बुलंदियां छू रहे हैं। दुनिया हतप्रभ है, वो जानना चाहती है कि भारतीय नेतृत्व में ऐसा क्या जादू है कि इतनी प्रतिकूल परिस्थितियां भी भारत के बढ़ते कदमों को नहीं रोक पायी। कोविड के समय में भारत ने न केवल अपने देश वासियों की चिंता की और उन्हें कोरोना मुक्त किया बल्कि वैक्सीन मैत्री के माध्यम से दुनिया के अनेक देशों को वैक्सीन प्रदान कर महामारी से बचाया। यह भारत का विश्वरूप था जिसे पूरी दुनिया ने देखा और सराहा। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जिस अवधारणा को हम हमेशा से जीते आये हैं उसे भारत ने साकार कर दिखाया और न केवल आर्थिक और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने अप्रतिम सफलता दिखाई बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नए प्रतिमान स्थापित कर दिए। जहाँ आज सारा विश्व अलग-अलग खेमों में बंटा हुआ दिखता है वहीं भारत एक ऐसा देश बन गया है जिसके या तो सभी दोस्त है फिर जो नहीं है वो बनना चाहते हैं। रूस और अमेरिका जैसे दो धुर विरोधी, दोनों ही भारत को अपना निकट का मित्र मानते हैं। वहीं इजराइल और अरब लीग के देश भले ही एक दूसरे के विरोधी हो, भारत के वे दोनों ही अच्छे दोस्त हैं। ऐसे भारत का चमत्कारी नेतृत्व आज जी 20 के शक्तिशाली समूह को मिला है। नि:स्संदेह न सिर्फ जी 20 के देश बल्कि सारा विश्व आज भारत की तरफ टकटकी लगाए देख रहा है। भारत भी तत्परता के साथ अपने अनुभवों को दुनिया की बेहतरी के लिए साझा करना चाहता है। जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में भारत ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के द्वारा अपने नागरिकों को वित्तीय सुविधाएँ पहुँचाने, सरकार और सिस्टम के साथ जुड़ाव को गहरा करने, भ्रष्टाचार को कम करने और सेवाओं और सुविधाओं के शीघ्र और पारदर्शी वितरण को बढ़ावा देने का कार्य किया है उसने भारत के नागरिकों को, विशेषत: गरीबों, वंचितों के जीवन को बदल दिया है और उन्नत किया है। भारत जी 20 की अध्यक्षता के दौरान, वैश्विक समुदाय के लाभ के लिए इस क्षेत्र में अपनी सफलता की कहानियों को साझा करना चाहेगा। साथ ही भारत जलवायु और विकास एजेंडे को एकीकृत करने, छोटे और सीमांत किसानों का समर्थन करने, खाद्य सुरक्षा और पोषण बढ़ाने, वैश्विक कौशल अंतराल को संबोधित करने जैसे महत्वपूर्ण हित के क्षेत्रों में परिणाम देने की आकांक्षा रखेगा। भारत जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण क्षेत्रों में अपनी पहल की पहुंच और क्षमता को भी बढ़ावा देना चाहेगा, जैसा कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा जोखिम पहल परियोजनाओं के द्वारा पहले ही किया जा रहा है। पिछले माह अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम ने देश को इस अवसर का उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा हमें वैश्विक भलाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जी 20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक बड़े अवसर के रूप में आई है। हमें इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहिए और वैश्विक भलाई व विश्व कल्याण पर ध्यान देना चाहिए। चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता हो या सतत विकास, भारत के पास चुनौतियों से संबंधित समाधान हैं। हमने एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य की जो थीम दी है, वह हमारी 'वसुधैव कुटुम्बकम' की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।
दरअसल हमारे पुरातन देश के इतिहास में यह एक बड़ा मुकाम है। दुनिया के 20 बड़े देशों के समूह जी 20 की अध्यक्षता का अर्थ है कि भारत अगले एक साल दुनिया की 80 फीसदी जीडीपी वाले और दुनिया की 60 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले देशों के समूह को राह दिखाएगा। यह भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करने का मौका तो होगा ही साथ ही दुनिया को अपनी संस्कृति से परिचित कराने का एक अवसर भी होगा। अगले एक साल के दौरान देश में जी-20 देशों की 200 बैठकें होंगी, जो बड़े विचार पूर्वक देश के 50 विभिन्न शहरों में आयोजित की जाएँगी। बड़े-छोटे ये शहर देश की हर दिशा से चयनित होंगे। इस तरह भारत के पास दुनिया के सामने हमारी संस्कृति और धरोहर पेश करने का बड़ा मौका होगा। 'विश्व स्वरूप' भारत के इस अवतरण के पीछे हमारी हजारों वर्षों की यात्रा जुड़ी है, अनंत अनुभव जुड़े हैं। उन सबको भी दुनिया से साझा करने का यह एक अप्रतिम अवसर होगा.

**(लेखक, भाजपा के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

# मोहन भागवत की विकास अवधारणा का भारत

**ललित गर्ग**

**भारत दुनिया** की एक उभरती हुई सशक्त आर्थिक व्यवस्था है, विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए भारत ने दुनिया को चौंकाया है, अचंभित किया है। भारत की विकास अवधारणा न केवल आर्थिक संवृद्धि से जुड़ी है, अपितु यह एक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक प्रक्रिया है जो लोगों को जीवन की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए अभिप्रेरित करती है और विकास प्रक्रिया में उन्हें सहभागी बनाती है। यह विकास अंतत: आत्मनिर्भरता, समानता, न्याय एवं संसाधनों का एकसमान वितरण को बल देती है जो राष्ट्रीयता एवं लोकतंत्र की मजबूती का भी आधार है। भारत के वर्तमान विकास को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत निरंतर जागरूक है एवं अपने विचारों से यह विकास कहीं भटक न जाये, उसके लिये चेताते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने मुम्बई में यह बयान देकर भारत के जन-जन को अभिप्रेरित किया है कि इस देश का विकास अमेरिका या चीन की तर्ज पर नहीं हो सकता बल्कि इसका विकास भारतीय दर्शन और इसकी संस्कृति तथा सकल संसार के बारे में इसके सुस्थापित विचारों के अनुरूप ही किया जा सकता है। देश के विकास की प्राथमिक आवश्यकता है कि गरीब का संबोधन मिटे। गरीबी एवं अमीरी के बीच का दूरियों को समाप्त किया जाये। प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े। संघ एक समतामूलक संतुलित समाज व्यवस्था का पोषक है। तभी वह गांव का विकास चाहता हैं और तभी ग्राम आधारित अर्थ-व्यवस्था को विकसित होते हुए देखना चाहता है।
संघ प्रमुख भागवत ऐसे ही विकास को चाहते हैं और मुंबई में उनके इन्हीं विचारों में ऐसी ही रोशनी प्रकट भी हुई है। उनके विचारों में जहां विवेकानन्द का दर्शन है वहीं गांधीवाद भी समाया है। उनके विचार उन आर्थिक सिद्धान्तों से उपजा है जिनके बारे में राष्ट्रपति महात्मा गांधी जीवनभर समर्पित थे और ग्रामों के विकास को ही भारत के सर्वांगीण विकास का फामूर्ला मानते थे। उनका विकास मन्त्र पाश्चात्य विकास सिद्धान्त से पूरी तरह भिन्न था और वह मानते थे कि गांवों के आत्मनिर्भर होने से भारत में आत्मनिर्भरता आयेगी। इसका मतलब यह कदापि नहीं था कि गांव व ग्रामीण जगत आधुनिक विकास प्रणाली से विमुख रहेगा बल्कि यह था कि औद्योगीकरण का पहिया गांवों से शहरों की तरफ धूमेगा तभी देश का समुचित और सम्यक विकास संभव होगा तथा गरीबी का प्रवाह रुकेगा। गांवों के विकास को गति देकर ही गरीबी को दूर किया जा सकता है। अब तक की विकास अवधारणा में गरीबी की रेखा का महिमामंडन बहुत हुआ है। गरीबी की रेखा क्या? क्यों है? किसने खींची यह लक्ष्मण रेखा, जिसको कोई पार नहीं कर सकता। जिस पर सामाजिक व्यवस्था चलती है, जिस पर राजनीति चलती है, जिसको भाग्य और कर्म की रेखा मानकर उपदेश चलते हैं। वस्तुत: ये रेखाएं तथाकथित गरीबों ने नहीं खींचीं। आप सोचिए, भला कौन दिखायेगा अपनी जांघ। यह रेखाएं अमेरिकी एवं चीनीवादी सोच ने खींची हैं जो अपनी जांघ ढकी रहने देना चाहते हैं। इस रेखा (दीवार) में खिड़कियां हैं, ईर्ष्या की, दम्भ की। पर दरवाजे नहीं हैं इसके पार जाने के लिए। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में यह रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए ह्वशर्म की रेखाह्न है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। गांधी ने इसी रेखा को दूर करने का दर्शन दिया और अब भागवत उसी राह पर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की वर्तमान विकास प्रक्रिया में अनेक चिन्तन के बिन्दू है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा? अगर तटस्थ दृष्टि से बिना रंगीन चश्मा लगाए देखें तो हम सब गरीब हैं। गरीब, यानि जो होना चाहिए, वह नहीं हैं। जो प्राप्त करना चाहिए, वह प्राप्त नहीं है। चाहे हम अज्ञानी हैं, चाहे भयभीत हैं, चाहे लालची हैं, चाहे निराश हैं। हर दृष्टि से हम गरीब हैं। जैसे भय केवल मृत्यु में ही नहीं, जीवन में भी है। ठीक उसी प्रकार भय केवल गरीबी में ही नहीं, अमीरी में भी है। यह भय है आतंक मचाने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से जहां है वहां से नीचे उतर जाने का, प्रियजनों की सुरक्षा का। जब चारों तरफ अच्छे की उम्मीद नजर नहीं आती, तब मनुष्य नैतिकता की ओर मुड़ता है। यह वह सशक्त मोड़ है जो शर्म की रेखा को तोड़ने के लिए यत्न करता है। शर्मी और बेशर्मी दोनों मिटें। गरीबी का संबोधन मिटे। तब हम सूर्योदय के नजदीक होंगे। ऐसा सूर्योदय न तो चीन का अनुसरण करने से आयेगा और अमेरिका का। यह भारतीय दर्शन को, यहां की संस्कृति को मजबूती देकर ही आ सकेगा। भागवत भारतीय संस्कृति के प्रवक्ता है, भाष्यकार है, वे जितने दार्शनिक है, उतने ही व्यावहारिक भी है। सांस्कृतिक उत्थान के साथ वे स्वस्थ समाज निर्माण के सूत्रधार भी हैं। वे ऐसे धार्मिक है जिनका प्राथमिक धर्म राष्ट्रीयता है। तभी श्री भागवत ने कहा कि जो धर्म मनुष्य को सुविधा सम्पन्न और सुखासीन बनाता है मगर प्रकृति को नष्ट करता है, वह धर्म नहीं है। यहां धर्म का अर्थ मजहब नहीं बल्कि कर्त्तव्य या इंसानियत है। उपभोग एवं सुविधावादी धर्म की जड़ पाश्चात्य की उपभोग संस्कृति में बसी हुई है। जबकि भारत की मान्यता ह्यउपयोगह्न की रही है, त्याग की रही है।

# पर्दा है पर्दा


**डॉ. सुरेश**

**मैं रीटा** हूँ। पहले सोचा कि गणित की तरह फलाँ का वैल्यू एक्स मान लिया जाए जैसा कुछ अपना नाम बता दूँ। दुर्भाग्य से गणित में एक्स का कुछ न कुछ मूल्य होता है और हमारा कुछ भी नहीं। मैं अपनी पहचान इसलिए भी नहीं छिपा सकती जिस चेहरे को समाचार चैनल गोल घेरे और पर्दा टाइप का कुछ ओढ़ाकर दिखाते हैं वही पोर्न वेबसाइटों में मेरी पहचान जमींदोज हो जाती है। यहाँ लोग सेक्स एजुकेशन को पाप और पोर्न साइटों पर धडल्ले से देखना पुण्य कार्य समझते हैं। यही भेदभाव का पर्दा मुझे खाए जा रहा है। आज पर्दा खुद पर्दा होता जा रहा है। पर्दा कहने के साथ ही यशपाल की कहानी याद हो आती है जहां वह घर की इज्जत को तार-तार होने से बचाने का काम करता था। आज पर्दा खुद शर्मिंदा है। धंधे के चक्कर में बंदे कब पर्दे को गंदा कर देते हैं, पता ही नही चला। काश पर्दे की कीमत वही रह पाती जो घर में छिप-छिपाकर रोटी नून खा लेने पर पर्दा उसे चार लोगों में छिपा देता था। आज यही पर्दा इज्जतदार कहलाने वालों की गंदी हरकतों को छिपाने वाला बेशर्मी की दास्तान बनता जा रहा है। घड़ी में केवल सुइयाँ ही अपने स्थान नहीं बदलते बल्कि लोग भी बदलते हैं और पर्दे भी। कोई सत्तर साल को पर्दे के नाम पर वोटों की रोटियाँ सेक रहा है। कोई ठीक चुनाव पहले पेट्रोल-डीजल की कीमत पर पर्दा डाल उनका ध्यान ह्यतीन पत्तीह्न खेलने वालों की तरह मजहब की ओर तो कभी बायकाट की ओर भटका दिया जाना है। पर्दों की तरह सोच बदलने लगे तब पर्दा गर्दा उड़ाने लगता है। फलाने शहर में दो टके के लाड्ज फाइव स्टार होटलों को मात दे रहे हैं। यह सब पर्दे का कमाल है। धंधों का पर्दा जब गंदा बन जाता है तो कइयों की जिंदगी का फंदा बन जाता है। उन लॉड्जों ने हवस का पर्दा डाल रखा है।

## फटाफट खबरें

### जिले में चल रही नकली खाद्य सामग्री पर छापे मारी में 22 लोगों पर लगाया गया अर्थदंड

**अखंड भारत संदेश**



**उन्नाव ।** ए डी एम ने कोर्ट के आदेश पर खाद्य सामग्री पर छापे मारी की मिलावटखोरों को पकड़ कर उन पर जुमार्ना लगाया गया। और यह राशि 30 दिनों के अन्दर जमा करने के आदेश दिए गए हैं। अगर कोई भी यह आदेश नहीं माना तो उसके प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही निश्चित रूप से होगी।न्यायालय के आदेश पर पूरे जिले के प्रतिष्ठानों पर खाद्य सामग्री पर छापे मारी की गई। नकली चीजें बनाकर लोगों को बेची जा रही है। जिससे कोई भी बीमार हो सकता है और इस बात की शिकायतें भी मिल रही थी। जिस पर टीमें बनाकर अलग अलग कस्बों और शहरों में छापे मारी की गई है। नकली खाद्य सामग्री बेचने वाले 22 लोगों पर 4.63 लाख रुपए का जुमार्ना वसूल किया जाएगा।

### युवती ने पेड में फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाने के कलवाराखुर्द गांव के मजरा रघुवंशीपुर में सवेरे खेत को घर से निकली युवती ने एक पेड पर फांसी का फंदा बनाकर लटक गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी।

आत्महत्या की ये घटना पहाडी थाना क्षेत्र के रघुवंशीपुर गांव में मंगलवार को सुबह पांच बजे हुई। बताया गया कि संतोष की 18 वर्षीय बेटी किरन मंगलवार को पांच बजे घर से खेत जाने को कहकर निकली थी। काफी देर बाद उसके घर न लौटने पर ग्रामीणों ने देखा तो किरन पेड की डाल में फंदे पर लटक रही थी। आनन-फानन में परिजनों ने मौके पर पहुंचकर किरन को फंदे में लटकता देख कोहराम मच गया।

घटना की सूचना पर पहाडी थाना प्रभारी रामसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया किरन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। घटना के अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। खुदकुशी का कारण फिलहाल सामने नहीं आया है।

### घने कोहरे में दो ट्रक भिडे, पांच गम्भीर घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बराहमाफी गांव में प्रकाश के जिल्ला के पास दो ट्रकों की आमने-सामने भिडन्त में छह लोग घायल हो गये। पांच की हालत गम्भीर बताने पर प्रयागराज रेफर किया गया है। पुलिस ने राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस से घायलों को मानिकपुर सीएचसी भर्ती कराया है।

ये हादसा मंगलवार को सवेरे आठ बजे मानिकपुर थाना क्षेत्र के बराहमाफी गांव में घने कोहरे के चलते हुआ। बताया गया कि कल्याणपुर गांव से डस्ट को गिराकर हाफडाला ट्रक आ रहा था। ट्रक को मानिकपुर थाना के कालीघाटी का निवासी बरातीलाल चला रहा था। हेल्पर के बतौर कालीघाटी का मिथुन था। इसी बीच दूसरा डम्फर मानिकपुर की ओर से गिट्टी लेकर मारकुण्डी की ओर जा रहा था। नत्थू व सुरेन्द्र निवासी शिवरामपुर डम्फर में एक अन्य व्यक्ति अवधबिहारी उर्फ कल्लू निवासी गदाखान थाना बहिलपुरवा बैठे थे। डम्फर गिट्टी लेकर डम्प करने जा रहा था। दोनों वाहन घने कोहरे के चलते आपस में भिडकर पलट गये।

हाफडाला ट्रक में सवारों की हालत ज्यादा गम्भीर न होने से सीएचसी मानिकपुर में इलाज चल रहा है। गिट्टी लदे ट्रक में सवार सुरेन्द्रपाल, नत्थू, अवधबिहारी व मिथुन को प्रयागराज रेफर किया गया है।

### बेरनी नहर पर दो ट्रक आमने-सामने से भिड़े, चालक सुरक्षित

**जलेसर। सोमवार** सुबह करीब समय 8:00 बजे जलेसर सादाबाद रोड स्थित बेरनी नहर पुल पर दो ट्रक घना कोहरा होने के कारण आमने-सामने से भिड़ गए। चालक मनोज पुत्र जोध सिंह निवासी सोमई थाना खैरगढ़ फिरोजाबाद बालू लेकर सादाबाद जा रहा था तथा दूसरा ट्रक चालक अज्ञात मिट्टी लेकर जलेसर की ओर आ रहा था। दोनों ट्रकों के चालक सही सलामत है। मौके पर बेरनी चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह मय पुलिस बल के साथ पहुंचे। कई घंटे रोड पर लगा रहा जाम हाइड्रा बुलाकर यातायात सुचारू किया गया हैं।

### सक्रिय बदमाशों के ऊपर पुलिस को कारवाई करने के दिशा निर्देश



**मथुरा। दो दिवसीय** वार्षिक निरीक्षण के लिए मथुरा आये आईजी रेंज ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई परखी तो विभिन्न पटल के अभिलेख रखरखाव देखा। इस दौरान गोष्ठी के दौरान अपराध समीक्षा करते हुए लम्बित विवेचना, गैंगस्टर, सक्रिय बदमाशों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जनता की सुनवाई कर समस्या का निस्तारण करें और ठंड के मौसम में रात्रि गश्त तेज करने के निर्देश दिये आईजी रेंज नचिकेता झा सुबह करीब सवा 11 बजे पुलिस कार्यालय पहुंचे।आईजी ने पुलिस कार्यालय में भ्रमण कर साफ-सफाई देखने के साथ ही विभिन्न पटल कार्यालय देखे। इसके बाद उन्होंने एसएसपी कार्यालय में बैठकर विभिन्न शाखाओं के महत्वपूर्ण अभिलेखों के रख-रखाव को देखा। शाम चार बजे पुलिस लाइन स्थित सभागार में अधीनस्थों के साथ पुलिस गोष्ठी की इस दौरान जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगायें थाना प्रभारियों को समयबद्ध निष्पक्ष जनसुनवाई करने, जनता के साथ अच्छा व्यवहार/आचरण सुधारने, सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं शान्ति- व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। आईजी ने अधीनस्थों को आगामी निकाय चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी के साथ ही चुनाव को प्रभावित करने वालों को पाबंद करने के निर्देश दिये।

इसके बाद उन्होंने पैंशनर्स के साथ मीटिंग कर उनकी समस्या सुनीं। इस मौके पर एसएसपी शैलेश पांडेय, एसपी सिटी एमपी सिंह आदि मौजूद रहे. आईजी सुबह परेड का निरीक्षण, जन प्रतिनिधि व आमजन से मुलाकात करेंगे।

# गौवंश के रखरखाव को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में जनपद में गौवंश के रख रखाव के संबंध में बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में सर्दी का प्रकोप ज्यादा हो रहा है, ऐसे में आवश्यक है कि गौवंशों को शीतलहर एवं ठंड के प्रकोप से सुरक्षित रखने के लिए जनपद की समस्त गौशालाओं में पर्याप्त इंतेजाम सुनिश्चित करा लिए जाएं। उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त एसडीएम एवं बीडीओ स्वयं भ्रमण कर गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन की प्रति संवेदनशील है।

और मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं गौ संरक्षण की मॉनीटरिंग की जाती है। ऐसे में गौ संरक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सर्दी के मौसम को देखते हुए पशुपालन विभाग सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी गौ आश्रय स्थलों में चारा, भूसा, पानी, शेड, अलाव, तिरपाल, जूट के बोरे (झूल) आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि गौशाला में संरक्षित प्रत्येक गौवंश




का आवश्यक टीकाकरण अनिवार्य रूप से करा दिया जाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं को उपयोगी बनाया जाए एवं गौशालाओं में तैयार उत्पादों को प्रेरणा बाजार में विक्रय कर गौशालाओं के लिए आमदनी अर्जित की जाए। यह भी कहा कि सभी गौशालाओं में गोबर से लकड़ी बनाने वाली मशीन स्थापित करायी जाए। ताकि आमदनी के स्रोत के रूप में इसको भी जोडा जा सके।

बैठक में सीडीओ ऋषिराज, एसडीएम सदर नूपुर गोयल, डीडीओ संजय पाण्डेय, सीवीओ डा0 अनिल दत्तात्रे पाण्डेय सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी गण मौजूद रहे।

# भागवत मृत्यु को बनाती है मंगलमयः आचार्य नवलेश दीक्षित

## श्रीमद्भागवत अष्टोत्तर शत द्वितीय दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत अष्टोत्तर शत ज्ञान यज्ञ में द्वितीय दिवस की कथा सुनाते हुए भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि भागवत मृत्यु को मंगलमय बनाती है। इसे सुनने समझने से जीने वाले की मृत्यु में रूदन नहीं, महामहोत्सव होता है। यही जीवन का सार है। परमात्मा जन्म देता है, वही पालन करता है और वही वापस बुला लेता है।



मंगलवार को सीतापुर स्थित श्रीजी होटल में कथा सुनाते हुए आचार्य दीक्षित ने कहा कि एक छोटा सा बालक कहीं से मिट्टी व पानी लाकर एक मूर्ति बनाता है और उसके साथ खेलता है। बाद में उस मूर्ति को तोड़ भी देता है, लेकिन वह तीनों दशा में प्रसन्न रहता है। उसकी मूर्ति को कोई दूसरा छू ले या तोड़ दे तो वह फिर नाराज होकर रोने लगता है। श्रीमद्भागवत का सत्य उद्घटित करते हुए कहा कि जहां सत्य होता है, वहीं मतभेद होता है। परमात्मा जड़ नहीं चेतन है। परतंत्र नहीं स्वतंत्र है। स्वयं प्रकाशवान है। अंधकार का नामोंनिशान नहीं है। इसके पहले उन्होंने श्लोक की तात्विक विवेचना में नमामि हरि पदम को शब्दार्श व्याख्यातित करते हुए कहा कि हमारा जन्म केवल हरि के लिए हुआ है। अपनी बुद्धि भगवान की सेवा व कथा में लगाना चाहिए।

प्रातः कालीन सत्र में कानपुर के विद्वान ज्योतिषाचार्य आचार्य गौरव शुक्ल, बांदा के वैदज्ञ विनोद शुक्ला के नेतृत्व में देश भर से आए विद्वान श्रीमद्भागवत महापुराण के मूल पाठ का सस्वर गायन कर इस महायज्ञ में अपनी आहुतियां दे रहे हैं। कार्यक्रम में यजमान बनने को दिल्ली, एमपी, असम, बिहार, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भक्तगण आए हुए हैं। इस मौके पर डा सुरेंद्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, शंकर, राजकुमार अग्रवाल, शकुंतला, प्रभाकांत पाठक, उपेंद्र मिश्रा, त्रिभुवन त्रिपाठी, श्रीसूर्यबंशी, राम सिंह, अरिमर्दन सिंह, अशोक शुक्ला आदि ने पूजन व अर्चन किया। कथा पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।

# हिस्ट्रीशीटर जिला बदर को पुलिस ने दबोचा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर आगामी निकाय चुनाव एवं ठंड के मद्देनजर होने वाले अपराधों की रोकथाम को मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने मऊ थाने के टॉपटेन अपराधी जिला बदर रज्जन मिश्रा उर्फ महेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र उमेशचन्द्र मिश्रा निवासी शिवपुर मजरा शेषासुबकरा को तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा है।

मंगलवार को मऊ थाना पुलिस ने थाने के हिस्ट्रीशीटर रज्जन मिश्रा को जिला मजिस्टेज्ट के जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद किये हैं। उस पर मऊ थाना समेत विभिन्न थानों में तकरीबन 21 संगीन अपराधों के मामले दर्ज हैं। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही रवीन्द्र व होलिकेन्द्र शामिल रहे।

इसी क्रम में बरगढ थाने के दरोगा राजेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने सुदीप सिंह पुत्र स्व राजनाथ सिंह निवासी तुरगवां के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है। मारकुण्डी थाना पुलिस ने लक्ष्मण डोमार पुत्र कल्लू निवासी बरौंधा जिला सतना मप्र को बीस क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। चैकी सीतापुर पुलिस ने राजा पुत्र गुलखू निवासी सीतापुर ग्रामीण के कब्जे से 37 क्वार्टर शराब बरामद कर चालान किया है।

# जनविरोधी सरकार को उखाड फेंके जनता: अनिल यादव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस की प्रान्तीय भारत जोडो पदयात्रा पुरानी कोतवाली से ट्राफिक चैराहा, पटेल तिराहा होती हुई पटेल जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर एलआईसी तिराहा में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर धुस मैदान से पुरानी कोतवाली में विश्राम कर जयपुरिया भवन सीतापुर से चैगलिया बाजार से रामघाट में समाप्त हुई।



मंगलवार को कांग्रेस की प्रान्तीय भारत जोडो पदयात्रा की अगुवाई में कर रहे प्रान्तीय अध्यक्ष अनिल यादव ने रामघाट में हुई सभा में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूरे देश में पदयात्रा कर नफरत छोडो भारत जोडो की बात हर भारतीय से कह रहे हैं।

देश आज जल रहा है, किसान परेशान हैं, छात्र बेरोजगार हैं। अब हद हो गई है, छोटा व्यापारी भी जीएसटी से परेशान है। सब मिलकर राहुल गांधी के संदेश को हर घर पहुंचाकर जनविरोधी सरकार को उखाड फेंके। जिलाध्यक्ष कुशल पटेल ने यात्रा में शामिल पदयात्रियों का आभार जताया।

जनसभा में महासचिव राहुल राय, अखिलेश शुक्ला, अंशू तिवारी, सचिव अनुज मिश्रा, बांदा जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे उर्फ लालू, हमीरपुर जिलाध्यक्ष हिमांशू सैनी, महोबा जिलाध्यक्ष तुलसीराम राजपूत, कानपुर जिलाध्यक्ष नरेश कटियार, शिवाकान्त तिवारी, पूर्व विधायक शिरोमणि भाई, जयवंत सिंह, उर्मिला खाबरी, गुरुदीन दुबे, संदेश चतुवेर्दी, महेन्द्र पटेल, संतोष धुरिया, जगजाहिर पटेल, कामता द्विवेदी, शिवशंकर, धर्मेन्द्र वर्मा, कालीचरन राजपूत, यमुना शुक्ला, गज्जू प्रसाद फौजी, कुलदीप, अनिल गुप्ता, मेंहदी हसन, कृष्णराज, निरंजन कुशवाहा, राममिलन, रीना कुशवाहा, ओमप्रकाश, सविता पाल, विनय कुमार, चुनबाद प्रसाद, शिवगुलाम वर्मा, अरुण गुप्ता, नर्वेश सचान, सुमन विश्वकर्मा, वीर सिंह आदि तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# 14 नगरों में शामिल चित्रकूट के विकास को बनी महायोजना: डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने चित्रकूट धाम कर्वी की महायोजना 2031 की मंजूरी देते हुए सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की स्थिति एवं विकास शुल्क की दरों में पुनरीक्षण और आय-व्यय आदि के विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नगर के विकास को महायोजना 2031 का प्रस्ताव नगर एवं ग्राम योजन विभाग ने बनाया है। जनसामान्य को निर्माण कार्यों में कोई असुविधा न हो, क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हो। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री निर्देश के क्रम में सूबे के 14 नगरों में सिटी डेवलपमेन्ट प्लान बनाया जाना था, इसमें चित्रकूट भी शामिल है। मास्टर प्लान तैयार होकर महायोजना का प्लान लागू किया जायेगा। बोर्ड की बैठक में लिए निर्णय जिले के विकास को दिशा देंगे। चार-पांच माह में आपत्तियों का निस्तारण कर प्राधिकरण की आय बढाने का कार्य हुआ है। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि हो रहे निर्माण कार्य में नक्शा अवश्य पास होना चाहिए। किसी को परेशान न किया जाये। आनलाइन मंजूरी भी ले सकते हैं। शासन को पत्र भेजा गया है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग से संबंधित जो भी विकास कार्य हों, इस प्रस्ताव महायोजना के मास्टर प्लान में प्रस्ताव दे सकते हैं। सहायक नियोजन झांसी एनके पुष्करणा ने महायोजना की बाबत विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सत्येन्द्रनाथ, विद्युत एक्सईएन आरएस वर्मा, एएमओ भगत सिंह, ईओ नगर पालिका रामअचल कुरील आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल से आकांक्षा को मिला गोल्ड मेडल

## ग्रामीणों ने जताई खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मप्र के राज्यपाल मंगूबाई पटेल व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के हाथों से गोल्ड मेडल प्राप्त कर आकांक्षा पाण्डेय ने पियरियामाफी गांव का नाम रोशन किया है। होनहार बेटी की सफलता पर सभी लोग गर्व महसूस कर रहे हैं।



सोमवार को रामनगर ब्लाक के पियरियामाफी गांव की बालिका आकांक्षा पाण्डेय पुत्र शिवशंकर पाण्डेय ने ग्रामोदय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। बालिका की सफलता पर पूर्व ब्लाक प्रमुख बालमुकुन्द पाण्डेय, रामनगर प्रधान योगेन्द्र शुक्ला, पियरियामाफी प्रधान रामेश्वर शुक्ला, अधिवक्ता अनिल मिश्रा, प्रधान छीबों हरीनारायण पाण्डेय, पत्रकार डॉ रामगोपाल मिश्रा, बृजनन्दन ओझा, डॉ सुनील कुमार मिश्र, अम्बिका मिश्र, आशीष कुमार मिश्र, मनीष मिश्र आदि ने बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

होनहार बालिका गांव के प्रतिष्ठित पाण्डेय परिवार से है। इसके बाबा स्व केदारनाथ पाण्डेय शिक्षक रहे हैं। बडे भाई आलोकरंजन पाण्डेय शिक्षक हैं, दूसरे भाई उप्र पुलिस में सेवायें दे रहे हैं। आकांक्षा पाण्डेय ने अपनी उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों के साथ बडे पापा विश्वनाथ पाण्डेय एवं नाना काशी प्रसाद मिश्रा को दिया है। बालिका का कहना है कि जीव विज्ञान में शोधकर राष्ट्र की सेवा करने का प्रयास होगा।

### राष्ट्रीय जेण्डर अभियान के अन्तर्गत जागरूकता गोष्ठी का किया गया आयोजन

**सुलतानपुर। राष्ट्रीय** जेण्डर अभियान के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0वर्मा की अध्यक्षता में दीप प्रज्जवलन एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन सखी वन स्टाप सेंटर में आयोजित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिकाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित शपथ दिलायी गयी। दीप जलाकर यह संदेश दिया गया कि बेटे एवं बेटियों में भेदभाव न किया जाय। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा आयोजित गोष्ठी सम्बोधित करते हुए यह कहा गया कि ह्यह्यसशक्त महिला, सशक्त समाजह्यह्य देश के विकास में दोनों ही एक दूसरे के पूरक है। महिला सशक्तीकरण यानी महिलाओं की आध्यात्मिक, राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक शक्ति में वृद्धि करना। महिलाएं शिक्षा, राजनीति, मीडिया व अन्य क्षेत्र में भागीदारी करती है।

# किम की बहन ने खुफिया उपग्रह पर संदेह वाले आकलन को "कुत्तों के भौंकने" के बराबर बताया


**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की बहन किम यो जोंग ने उस आकलन को ''दुर्भावनापूर्ण अपमान'' और ''कुत्तों के भौंकने'' के बराबर बताते हुए खारिज कर दिया, जिसमें देश के जासूसी उपग्रह व अन्य क्षमताओं पर संदेह व्यक्त किया गया था। उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा था कि उसने अपने पहले खुफिया उपग्रह के निर्माण के लिए रविवार को महत्वपूर्ण अंतिम चरण के परीक्षण किए। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने दो 'कम रेज़ॉल्यूशन' वाली श्वेत-श्याम तस्वीरें भी जारी की थीं, जिसमें अंतरिक्ष से दक्षिण कोरियाई राजधानी और सियोल के पश्चिम में स्थित शहर इंचियोन नजर आ रहा है।सरकारी मीडिया ने वर्कर्स पार्टी की वरिष्ठ अधिकारी किम यो जोंग के हवाले से एक खबर में कहा, '' क्या उन्हें नहीं लगता कि उनका आकलन बेहद अनुचित व लापरवाही भरा है। उन्होंने हमारे समाचार पत्र द्वारा जारी केवल दो तस्वीरों के आधार पर हमारे उपग्रह की विकास क्षमताओं और उससे जुड़ी तैयारियों पर टिप्पणी की है।'' उन्होंने उपग्रह की तस्वीरों पर दक्षिण कोरिया के विशेषज्ञों की टिप्पणी को '' बकवास'', '' दुर्भावना से किया जाने वाले अपमान'' और ''कुत्तों के भौंकने'' के बराबर बताया। किम यो जोंग ने कहा कि उपग्रह के परीक्षण के दौरान एक आम कैमरे का इस्तेमाल इसलिए किया गया, क्योंकि एक बार के परीक्षण के लिए महंगे, उच्च-रेज़ॉल्यूशन वाले कैमरे का इस्तेमाल करने का कोई मतलब नहीं बनता। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया ने अंतरिक्ष प्रक्षेपण वाहनों के रूप में दो पुरानी मिसाइलों का इस्तेमाल किया। किम यो जोंग ने कहा, '' अगर हमें एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण करना होगा, तो हम करेंगे। हम लंबी दूरी की मिसाइल परीक्षण को छुपाने के लिए उपग्रह का इस्तेमाल नहीं करते, जैसा कि दक्षिण कोरियाई आम राय को प्रभावित करने के लिए दावा कर रहे है।''उन्होंने दक्षिण कोरियाई सरकार के उस आकलन को भी खारिज कर दिया कि उत्तर कोरिया के पास अमेरिका की मुख्य भूमि को निशाना बनाने में सक्षम आईसीबीएम का इस्तेमाल करने के लिए अब भी पर्याप्त प्रौद्योगिकी नहीं है। किम यो जोंग ने कहा, '' मुझे लगता है कि उनके लिए बेहतर यही है कि वह बकवास करना बंद करें, सावधानी बरतें और कुछ भी करने से पहले दो बार उस पर विचार करें।'' गौरतलब है कि एक खुफिया उपग्रह का विकास उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है।



# यूक्रेन की राजधानी कीव में फिर किए गए ड्रोन हमले, पुतिन बेलारूस रवाना होंगे

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव में तड़के ड्रोन द्वारा फिर से कई हमले किए गए। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहयोगी देश बेलारूस का दौरा करने की तैयारी कर रहे हैं। लगभग 10 महीने पहले यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए बेलारूस ने रूसी सेना को हमले करने में अपने भू-भाग का इस्तेमाल करने दिया था। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कीव में तीन दिन पहले भी सोमवार जैसाहमला किया गया था। अधिकारियों ने इसे युद्ध की शुरुआत के बाद से कीव पर किया गया अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया है। रूस, यूक्रेन को हवाई हमले के जरिए परेशान करने की कोशिश कर रहा है।

कीव शहर के प्रशासन ने अपने 'टेलीग्राम' अकाउंट पर बताया कि राजधानी कीव के हवाई क्षेत्र में रूस ने 23 ड्रोन हमले किए, जिनमें से कम से कम 18 ड्रोन को मार गिराया गया। इन हमलों में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है और किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि युद्ध में रविवार और सोमवार के बीच देश में कम से कम तीन नागरिकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि इन ड्रोन हमलों से राजधानी क्षेत्र सहित देश के मध्य और पूर्वी इलाकों समेत कुल 11 क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि दो जिलों शेवचनकिव्सकी और सोलोम्यंस्की में विस्फोट की आवाज सुनी गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है और आपात सेवाएं मौके पर तैनात हैं। सशस्त्र बलों ने कहा कि राजधानी कीव रूस का प्रमुख निशाना प्रतीत हो रही है, लेकिन देश के अन्य इलाकों में भी हमले किए गए हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि रूस द्वारा अज़ोव सागर के पूर्वी तट से दागे गए कम से कम 35 विस्फोटक ड्रोन में से 30 को मार गिराया गया।



# भारत, पाक के लोगों की बेहतरी के लिए दोनों देशों के बीच सार्थक संवाद जरूरी : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के लोगों की बेहतरी के लिए दोनों देशों के बीच सार्थक संवाद जरूरी है और इनमें से किसी के साथ भी उसके संबंधों का मतलब किसी एक का फायदा या दूसरे का नुकसान नहीं है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, '' हमारी भारत के साथ वैश्विक सामरिक साझेदारी है। मैंने,हमारे पाकिस्तान के साथ गहरे संबंध के बारे में भी बात की है। इन संबंधों का मतलब किसी एक का फायदा या दूसरे का नुकसान नहीं है। हम इन्हें एक-दूसरे से जोड़कर नहीं देखते।''उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि दोनों संबंध भारत और पाकिस्तान के साथ हमारे साझा लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए अत्यावश्यक हैं। प्राइस ने कहा, ''असल बात यह है कि दोनों देशों के साथ हमारी भागीदारी है और हम भारत तथा पाकिस्तान के बीच वाकयुद्ध नहीं देखना चाहते हैं। हम भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक संवाद देखना चाहते हैं। हमें लगता है कि यह पाकिस्तानी और भारतीय लोगों की बेहतरी के लिए जरूरी है। हम द्विपक्षीय रूप से एक साथ काफी कुछ कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ मतभेद हैं जिन्हें निश्चित तौर पर दूर करने की जरूरत है। अमेरिका एक साझेदार के रूप में दोनों की मदद करने के लिए तैयार है।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, '' हमने भारत के साथ अपनी वैश्विक सामरिक साझेदारी को मजबूत किया है, हमारा ऐसा रिश्ता भी है जिसमें हम एक-दूसरे से खुलकर बात कर सकते हैं। हमारे बीच असहमति या चिंता हो सकती है, हम उनसे ऐसे ही बात करते हैं जैसे कि हम अपने पाकिस्तानी मित्रों से करते हैं।''एक अन्य सवाल के जवाब में प्राइस ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है तो दुनियाभर के देशों ने इस बयान का स्वागत किया था। उन्होंने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के रूस से ऐसे संबंध हैं जो अमेरिका के नहीं हैं।

## इमरान खान ने कहा कि मैं अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंध सुधारना चाहता था

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ तनावपूर्ण संबंध सुधारना चाहते थे, लेकिन कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करना इसमें 'बाधक' बन गया। क्रिकेटर से नेता बने 70 वर्षीय खान ने यह भी कहा कि तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का भारत के साथ बेहतर संबंध रखने को लेकर और भी अधिक झुकाव था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान ने कहा, ''मैं अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंध सुधारना चाहता था, लेकिन आरएसएस की विचारधारा और (जम्मू कश्मीर के) विशेष दर्जे को खत्म करना इसमें बाधक बन गया।''खान ने यह बात यहां जमां पार्क स्थित अपने आवास पर विदेशी पत्रकारों के एक समूह से बातचीत के दौरान कही। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा 2019 में कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद उनकी सरकार ने बातचीत पर जोर नहीं दिया।



खान ने कहा, ''हम चाहते हैं कि भारत पहले अपने फैसले को पलटे और शांति वार्ता करे।'' प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) ने खान से पूछा कि उनके कार्यकाल के दौरान भारत के प्रति विदेश नीति कौन निर्धारित कर रहा था, वह या फिर जनरल बाजवा, इस पर उन्होंने जवाब दिया, ''मैं बॉस था...मैं विदेश नीति निर्धारित कर रहा था। हालांकि, जाने दीजिए। मैं आपको बता दूं कि जनरल बाजवा भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने के इच्छुक थे।''

## दास व्यापार में नीदरलैंड की भूमिका के लिए डच नेता ने मांगी माफी

**लंदन।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने गुलामी और दास व्यापार में नीदरलैंड की ऐतिहासिक भूमिका के लिए अपनी सरकार की ओर से सोमवार को माफी मांगी। गुलामी और दास व्यापार को लेकर नीदरलैंड की ओर से लंबे समय से प्रतीक्षित बयान में विलंब करने की मांग के बावजूद मार्क रुटे ने यह बयान दिया। रुटे ने 20 मिनट के अपने भाषण में कहा, ''आज मैं माफी मांगता हूं।'' राष्ट्रीय अभिलेखागार में आमंत्रित दर्शकों की ओर से उनका मौन स्वागत किया गया। रुटे ने माफी के साथ अपनी बात आगे बढ़ाई।हालांकि कुछ कार्यकर्ता समूहों ने देश में दासता के उन्मूलन की अगले साल एक जुलाई को आने वाली सालगिरह तक इंतजार करने का उनसे आग्रह किया था। प्रधानमंत्री के भाषण को रोकने के लिए कुछ लोग पिछले सप्ताह अदालत भी गए थे, लेकिन वे इसमें असफल रहे थे। रुटे ने कहा, ''हम जानते हैं कि हर किसी के लिए कोई एक अच्छा पल नहीं होता, हर किसी के लिए कोई सही शब्द नहीं होता,



# चीन में कोरोना का कहर: अस्पतालों में जगह नहीं, श्मशान घाटों पर भीड़ बढ़ी


**बीजिंग।** चीन में कोरोना का कहर मुसीबत बन गया है। मरीज इस कदर बढ़े हैं कि अस्पतालों में जगह ही नहीं बच रही है। मृतकों की संख्या में तेजी से वृद्धि होने के कारण श्मशान घाटों पर भीड़ बढ़ गयी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन के अस्पतालों में कोराना के मरीजों में 95 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इसके परिणाम स्वरूप अस्पतालों में बेड कम पड़ रहे हैं और मरीजों को फर्श पर लेटाकर उनका इलाज करना पड़ रहा है। अस्पतालों में दवाओं और ऑक्सीजन का संकट भी गहराने लगा है। डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ का भी संकट उत्पन्न हो गया है। विशेषज्ञ इस वृद्धि को लेकर चिंतित हैं। उनका दावा है कि अगले तीन महीने के भीतर चीन के 80 करोड़ लोग कोरोना संक्रमित हो सकते हैं। संक्रामक रोग विशेषज्ञ एरिक फीगल डिंग के मुताबिक चीन में चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। उन्होंने दावा किया अगले तीन माह में चीन के 60 प्रतिशत से अधिक और पूरी दुनिया की दस प्रतिशत से अधिक आबादी के कोरोना संक्रमित होने की आशंका है। इस कारण लाखों लोगों की मौत भी हो सकती है। चीन में कोरोना अचानक बढ़ने के साथ ही हर रोज सैकड़ों लोग दम तोड़ रहे हैं। इतनी अधिक लोगों की जान जा चुकी है कि अब अस्पतालों में शव रखने की जगह नहीं बची है। कब्रिस्तानों में अंतिम संस्कार के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रहीं हैं। श्मशान में आने वाले कोरोना संक्रमित शवों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। चीन की राजधानी बीजिंग के डोंगजियाओ श्मशान घाट में काम करने वाले लोगों का कहना है कि देश में पिछले कुछ दिनों में अंत्येष्टि कराने वालों की संख्या अचानक बढ़ी है। डोंगजियाओ शवदाह गृह पर इतने शव आ रहे हैं कि तड़के सुबह से लेकर आधी रात तक दाह संस्कार करना पड़ रहा है।



## चीन लौटने का अब कोई मतलब नहीं, भारत ही मेरा घर :दलाई लामा

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा ने कहा कि उनका चीन लौटने का अब कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें भारत पसंद है। धर्मगुरू ने यह बात सोमवार को बिहार के बोधगया के लिए दिल्ली रवाना होने से पूर्व कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत पंडित नेहरू की पसंद और यह जगह मेरा स्थायी निवास है। गौरतलब है कि धर्मगुरू दलाई लामा 29 से 31 दिसंबर तक बिहार के बोधगया में कालचक्र प्रवचन स्थल पर नागार्जुन के 'बोधिचित्त पर भाष्य' विषय पर तीन दिवसीय प्रवचन देंगे। वहीं एक जनवरी 2023 को परम पावन कालचक्र प्रवचन स्थल पर गेलुक तिब्बती बौद्ध परम्परा द्वारा उनके लिए आयोजित की जाने वाली दीर्घायु प्रार्थना में भाग लेंगे।



# संयुक्त राष्ट्र महासचिव का दावा, सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर विचार

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अधिकांश देश सुरक्षा परिषद के विस्तार पर सहमत हैं, हालांकि वीटो के अधिकार का मुद्दा अभी उलझा हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अभी पांच देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका स्थायी सदस्य हैं। इन्हें वीटो का अधिकार भी मिला हुआ है। भारत सहित कई देश लंबे समय से दुनिया के बदलते स्वरूप के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग कर रहे हैं। अब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दावा किया है कि सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ा सवाल सुरक्षा परिषद के विस्तार और परिषद के नए स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार दिये जाने से संबंधित है। यह सदस्य देशों का अंदरूनी मामला है और इससे संबंधित वार्ताओं में संयुक्त राष्ट्र सचिवालय का हस्तक्षेप नहीं है। गुटेरेस ने कहा कि अमेरिका और रूस स्पष्ट रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यों की संख्या में विस्तार के पक्ष में होने का संकेत दे चुके हैं। कुछ समय पहले ब्रिटेन और फ्रांस ने भी इस दिशा में सकारात्मक रुख दिखाया है। हालांकि, इन देशों ने वीटो के अधिकार पर कुछ प्रतिबंधों के साथ प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद की संरचना में बदलाव के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के दो तिहाई मतों के अलावा सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के सकारात्मक मतों की जरूरत है। मौजूदा स्थाई सदस्यों में चीन को छोड़ कर अन्य चारों देश सुधार के पक्ष में हैं।




# ट्विटर कौन चला रहे इसको लेकर कोई निजी राय नहीं, कैसे चला रहा है उसमें रुचि : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि ट्विटर कौन चला रहा है इसको लेकर उनकी कोई ''व्यक्तिगत भावना'' नहीं है, हालांकि उन्हें इस बात में ''बेहद रुचि'' है कि इस सोशल मीडिया मंच को चलाया कैसे जा रहा है। सोशल मीडिया मंचों पर अभद्र के इस्तेमाल को रोकने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करते हुए गुतारेस ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' मंच कौन चला रहा है इसको लेकर मेरी कोई निजी राय नहीं है। मेरी इस बात में अधिक रुचि है कि मंच को चलाया कैसे जा रहा है।''गुतारेस से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि ट्विटर के मालिक एलोन मस्क अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं और अगर अरबपति सोशल मीडिया मंच के प्रमुख का पद छोड़ देते हैं तो क्या उन्हें राहत मिलेगी? सीएनएन की खबर के अनुसार, ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने मस्क के मंच के प्रमुख का पद छोड़ने के लिए मतदान किया था। मस्क (51) ने अपने 12.2 करोड़ 'फॉलोअर्स' से पूछा था कि उन्हें ट्विटर के प्रमुख का पद छोड़ना चाहिए या नहीं। इस 'सर्वेक्षण' पर 1.7 करोड़ वोट आए, जिनमें से करीब 57.5 प्रतिशत लोगों ने 'हां' का विकल्प चुना। मस्क ने रविवार को ट्वीट किया था, '' क्या मुझे ट्विटर प्रमुख का पद छोड़ देना चाहिए? मैं 'पोल' के परिणाम का पालन करूंगा।'' उन्होंने बाद में एक ट्वीट में कहा,'' जैसा कि कहा जाता है सोच-समझकर कोई की मुराद मांगे, क्योंकि वह पूरी हो सकती है।'' गुतारेस ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने और साथ ही अभद्र व उग्रवाद के रूपों से बचाने में सोशल मीडिया मंचों की एक विशेष जिम्मेदारी है। संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख ने कहा, '' अगर प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में हो, पत्रकारों को अपना काम करने की अनुमति नहीं दी जाए, साथ ही अभद्र का प्रसार हो तो यह देखकर मुझे काफी दुख होगा।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए किसी मंच के मालिक को मेरी यही सलाह है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखे, खासकर पत्रकारों की साथ ही यह सुनिश्चित करें कि नव-नाज़ियों, श्वेत वर्चस्ववादियों सहित अभद्र तथा कट्टरपंथी विचारकों को उनके मंच पर अपने हित साधने का मौका न मिले।'' गुतारेस के ट्विटर पर 20 लाख 'फॉलोअर्स' हैं। उनसे पूछा गया कि किन परिस्थितियों में वह अपना खाता बंद करने पर विचार करेंगे और क्या वह मस्क से मिलने में दिलचस्पी रखते हैं?गुतारेस ने कहा, '' मैं वही करूंगा जो उस समय मेरी अंतरात्मा मुझे करने को कहेगी और जो सही होगा। अभी खाता कायम रखना सही है क्योंकि उसकी एक अहम भूमिका है। हालांकि हम हर स्थिति के प्रति सजग रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि सवाल यह नहीं है कि आप किससे मिलते हैं। गुतारेस ने कहा, '' सवाल यह है कि आपके नियम स्पष्ट होने चाहिए स्पष्ट नियम बनाना सोशल मीडिया मंच की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने के लिए जरूरी हैं।

> ***सोशल मीडिया मंचों पर अभद्र के इस्तेमाल को रोकने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करते हुए गुतारेस ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' मंच कौन चला रहा है इसको लेकर मेरी कोई निजी राय नहीं है।***

## लाहौर उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में उपहारों का विवरण मांगा

**लाहौर।** लाहौर की एक शीर्ष अदालत ने सोमवार को संघीय सरकार को निर्देश दिया कि वह 1947 में पाकिस्तान के गठन के बाद से नेताओं और नौकरशाहों को विदेशी गणमान्य लोगों से मिले तोशाखाना के उपहारों का ब्योरा 16 जनवरी तक पेश करे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़े एक विवाद के बाद पाकिस्तान सरकार का तोशाखाना विभाग चर्चा में आया है। इमरान खान ने सरकारी तोशाखाना से कथित तौर पर 10.80 करोड़ रुपये के उपहार 2.15 करोड़ रुपये में बेच दिए थे।लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आसिम हफीज ने तोशाखाना के विवरण को सार्वजनिक करने के लिए अदालती आदेशों की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इस याचिका में तोशाखाना के उपहारों के साथ ही उन व्यक्तियों/अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी गयी, जिन्होंने भुगतान करने के बाद ये उपहार खरीदे। पाकिस्तान में 1974 में स्थापित तोशाखाना कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है और अन्य देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए कीमती उपहारों को संगृहीत करता है। तोशाखाना के नियमों के अनुसार, जिन व्यक्तियों पर ये नियम लागू होते हैं, उनके द्वारा प्राप्त उपहार और ऐसी अन्य सामग्री की सूचना कैबिनेट प्रभाग को दी जाएगी। सोमवार की सुनवाई के दौरान, सरकार की ओर से पेश हुए वकील शेराज जका ने तर्क दिया कि तोशाखाना से संबंधित विवरण गोपनीय हैं और उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। अदालत ने तब पूछा कि विवरण का खुलासा कैसे नहीं किया जा सकता है। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने 16 जनवरी तक संघीय सरकार से रिपोर्ट मांगते हुए निर्देश दिया, ''अदालत को विवरण जमा करें और अदालत तय करेगी कि ये गोपनीय हैं या नहीं।



## आईडीबीआई बैंक के खरीदारों को टैक्स मानदंडों में छूट दे सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने वाली कंपनी को कुछ टैक्स मानदंडों में छूट की योजना बना रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आईडीबीआई बैंक की बिक्री के लिए बोली की ठंडी प्रतिक्रिया के बाद बोलीदाताओं को आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाया जा सकता है। सरकार ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए बोलियां दाखिल करने की समय-सीमा को एक बार और बढ़ाकर 7 जनवरी, 2023 कर दी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।